संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 07 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 07 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



गुरुकुल महाविद्यालय पतंजलि गुरुकुलम के भव्य आधुनिक भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा: 'जनता से जुड़े मुद्दे उठाएंगे'

## राहुल गांधी समाज के विभिन्न वर्गों से, संगठनों से बात करेंगे, उनकी समस्या सुनेंगे

**जनता की आवाज**

**8 अमीर-गरीब के बीच में बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दों पर जन जागरण करेंगे: मल्लिकार्जुन खड़गे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के माध्यम से जनता से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। खड़गे ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, मजदूरों की बुरी हालत, अमीर-गरीब के बीच में बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दों पर जन जागरण करेंगे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी समाज के विभिन्न वर्गों से, संगठनों से बात करेंगे और उनकी समस्याओं के समाधानों पर विचार-विमर्श करेंगे। खड़गे ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का मंच एनजीओ, पत्रकारों, किसानों, छोटे व्यापारियों, दलित-पिछड़े वर्गों, आदिवासियों और बौद्धिक वर्ग को जोड़ने का भी है। यह यात्रा केवल अपनी बात जनता तक पहुंचाने का नहीं बल्कि जनता की आवाज और उनकी समस्याओं को सुनने का भी मंच है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करेंगे। यह यात्रा 15 राज्यों से होकर मुंबई में पूरी होगी। इस दौरान राहुल गांधी 67 दिनों में 6713 किमी का सफर तय करेंगे। यात्रा 15 राज्यों के 110 जिले से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान राहुल गांधी 100 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से होकर गुजरेंगे।

## 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो हुआ लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का लोगो लॉन्च किया। इस लोगो के दो हिस्से हैं। जिस पर लिखा है "भारत जोड़ो न्याय यात्रा, न्याय का हक मिलने तक"।
लोगो को लॉन्च करने के वक्त खड़गे के साथ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी नेता जयराम रमेश व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान खड़गे ने कहा कि यह यात्रा जनता को न्याय दिलाने व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से हम जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करेंगे। खड़गे ने कहा कि हम महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, मजदूरों की बुरी हालत,अमीर-गरीब के बीच में बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दों पर जन



जागरण करेंगे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी समाज के विभिन्न वर्गों से, संगठनों से बात करेंगे और उनकी समस्याओं के समाधानों पर विचार-विमर्श करेंगे। उल्लेखनीय है कि राहुल

**बदलाव**

**8 यह यात्रा जनता को न्याय दिलाने व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हैं। हम जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करेंगे**

गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करेंगे। यह यात्रा 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी 67 दिनों में 6713 किमी का सफर तय करेंगे। यात्रा 15 राज्यों के 110 जिले से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान राहुल गांधी 100 लोकसभा सीटें से होकर महाराष्ट्र के मुंबई में यात्रा पूरी करेंगे।

**फास्ट न्यूज**

### 'रामभक्तों पर गोली चलाने वाले मंदिर नहीं बना पाते'

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**मुख्यमंत्री पुष्कर** सिंह धामी ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले न तो मंदिर बना पाते, न धारा 370 हटा पाते और न ही तीन तलाक हटा पाते। उन्होंने कहा कि यह खुशी आपको मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के अलावा कोई और दे सकता था। यह बात उन्होंने पतंजलि गुरुकुलम शिलान्यास के मौके पर कही। सीएम ने लोगों से सवाल पूछते कहा कि आप सभी बताइये कि अयोध्या में राम मंदिर बनने की आपको कितनी खुशी है? आप सभी की यह ऊर्जा देखकर मैं, कह सकता हूँ कि आज हर भारतवासी की खुशी का ठिकाना नहीं है।
**बन रहा भगवान राम का भव्य मंदिर:** सीएम धामी ने कहा कि भगवान राम का भव्य और दिव्य मंदिर बन रहा है, जिसके साक्षी हम सभी 22 जनवरी को बनेंगे। कहा कि काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का बनना, उज्जैन में महाकाल लोक कॉरिडोर का बनना, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का सौंदर्यीकरण होना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज हमारे मंदिरों का ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति का भी संरक्षण और संवर्धन हो रहा है।
**उत्तराखंड में लिए गए कठोर निर्णय:** सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में विगत ढाई वर्षों में कुछ ऐसे महत्वपूर्ण और कठोर निर्णय लिए हैं, जो विगत 23 वर्षों में नहीं लिए गए थे। हमने एक ओर जहां उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया, वहीं धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया। हमने देवभूमि में पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कठोर कदम उठाए। इसके अलावा उत्तराखंड बनने के 23 वर्षों में पहली बार भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई।

### देश में कोरोना के 774 नए मामले, 2 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 774 नए मामले सामने आए हैं और दो मरीजों की मौत हुई है। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 919 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मौजूदा समय में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 4187 है।

## तीसरी बार आएगी मोदी सरकार: जेपी नड्डा

### 'दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा'

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकुला**
**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को पंचकूला में करीब डेढ़ किलो मीटर रोड शो के दौरान कहा कि दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। चीन भी मुरीद हो गया है। नड्डा तीन दिन में दूसरी बार हरियाणा के दौरे पर पहुंचे थे।
लोकसभा और हरियाणा विधानसभा चुनावों के मद्दे नजर जेपी नड्डा ने पंचकूला में रोड शो किया और नेताओं को संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में बेहद जोश देखने को मिला। एक गाड़ी में जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी मौजूद थे। तो वहीं, दूसरी गाड़ी में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, हरियाणा भाजपा प्रभारी विप्लव देब भी थे। रोड शो रैली टैंक चौक से बेलाविस्ता तक करीब डेढ़ किलोमीटर निकाला गया। रोड शो खत्म होने के बाद नड्डा ने लोगों को संबोधित किया और नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। जेपी नड्डा ने



**दावा**

**8 वोट बैंक की राजनीति चलती रही लेकिन अब ये राजनीति नहीं चलती: जेपी नड्डा**

सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने भारत की राजनीति-संस्कृति को बदल दिया है। भारत की राजनीति में जात-पात, पहाड़ी इलाका-मैदानी इलाका देश को विभाजित करने वाली राजनीति चलती आई, वोट बैंक की राजनीति चलती रही लेकिन अब ये राजनीति नहीं चलती।



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत लाभार्थियों का सम्मान करते, उनसे संवाद करते, विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करते और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

## गडकरी ने केरल को दी 12 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केरल में 1464 करोड़ रुपये से अधिक राशि की कुल 105 किमी लंबाई वाली 12 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन, केरल के लोक निर्माण मंत्री पी. ए. मोहम्मद रियास, केरल के कासरगोड से सांसद राजमोहन उन्नीथन, कासरगोड में विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।
इन प्रस्तावित परियोजनाओं का उद्देश्य तमिलनाडु और केरल के बीच सुगम कनेक्टिविटी को बढ़ाना, तेज और अवरोध मुक्त परिवहन सुनिश्चित करना है।

## भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए: पीयूष गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार अन्य उत्पादों को भी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के दायरे में लेकर आएगी। गोयल ने कहा कि अच्छी गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जा सकता। पीयूष गोयल ने शनिवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उत्पादों और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने से भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने और एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि इस दिशा में बीआईएस को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए। इसे केवल मानकों को अपनाने वाला नहीं बनना चाहिए, बल्कि मानकों का अगुवा भी बनना चाहिए।

## आदित्य- एल-1 लैग्रेंज पॉइंट पर पहुंचा

### 126 दिन चला सफर, अब पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला आदित्य-एल1 को पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर अपनी अंतिम गंतव्य कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। शनिवार को लगभग 4 बजे अंतरिक्ष यान को पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के



लैग्रेंज बिंदु 1 (एल 1) में स्थापित कर दिया गया। एल1 बिंदु पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी

**सफलता**

**8 एल1 बिंदु पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है: राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह**

राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को ट्वीट करते हुए कहा कि मून वॉक से लेकर सन डांस तक भारत के लिए यह साल कितना शानदार रहा।

**भव्य मंदिर** अन्य सांसद भी अनुराग मॉडल ऑफ इंवॉल्वमेंट फॉर डेवलपमेंट अपनाएं: उपराष्ट्रपति

## 'एक से श्रेष्ठ' के 500वें सेंटर का उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/नई दिल्ली**
केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा उनके संसदीय क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में चलाए जा रहे शैक्षणिक कार्यक्रम 'एक से श्रेष्ठ' के 500 वें केंद्र का 20 हजार से भी ज्यादा लोगों की उपस्थिति में भव्य शुभारंभ हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ व प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी सुदेश धनकड़ की भी इस कार्यक्रम में



गरिमामयी उपस्थिति रही। एक से श्रेष्ठ के 500 वें सेण्टर के शुभारंभ के अवसर पर हिमाचल सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेश धमार्णी, कई माननीय विधायक व पूर्व विधायक समेत कई गणमान्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने अपने संबोधन की शुरूआत 1990 के दशक में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के साथ अपने सांसद काल को याद करते हुए किया। उन्होंने बताया कि प्रेम कुमार धूमल के ही अनुरोध पर धर्मशाला की पहली फ्लाइट का उद्घाटन उनके कर कमल से हुआ था। उपराष्ट्रपति ने बताया कि उस समय से लेकर आज तक प्रेम कुमार धूमल जी के परिवार से उनका रिश्ता जुड़ा हुआ है जिसे अनुराग सिंह ठाकुर ने और गहरा किया है। उपराष्ट्रपति ने बताया कि जब से वह उपराष्ट्रपति बने हैं तब से उनके संसद का एक भी सत्र ऐसा नहीं बिता जिसमें उन्होंने हिमाचल के विद्यार्थियों से मुलाकात नहीं की। उनके घर में सबसे ज्यादा टोपी हिमाचल से ही है।
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आगे अनुराग सिंह ठाकुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि अनुराग संस्कृत का शब्द है जिसका मतलब है प्रेम और भक्ति।



# मोहल्ला क्लीनिक से बढ़ेगी आप की आफत!

## कैसे हुआ फर्जी मरीज, टेस्ट और मोबाइल नंबर से खेल, केजरीवाल के स्वास्थ्य मॉडल का काला चेहरा उजागर हो गयाः भाजपा

= उप-राज्यपाल ने क्लीनिक में कथित फर्जी लैब टेस्ट को लेकर सीबीआई जांच की सिफारिश की है। गृह मंत्रालय ने इसे मंजूर कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में आम आदमी पार्टी सरकार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शराब घोटाले में पहले ही पार्टी के कई नेता जेल में हैं। अब दिल्ली सरकार द्वारा संचालित मोहल्ला क्लीनिक के चलते भी पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक में कथित फर्जी लैब टेस्ट को लेकर सीबीआई जांच की सिफारिश की है। गृह मंत्रालय ने इसे मंजूर कर दिया। अनियमितताओं के आरोप के बीच सियासी लड़ाई भी शुरू हो चुकी है। जहां आप ने सीबीआई की जांच को भाजपा की साजिश करार दिया, वहीं भाजपा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य मॉडल का काला चेहरा उजागर हो गया है।

राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे मोहल्ला क्लीनिक एक तरह के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र हैं। आप सरकार का कहना है कि दशकों से विभिन्न सरकारों ने स्वास्थ्य सेवाओं की घोर अनदेखी की। उन्होंने बहुत कम चिकित्सालय बनाए और वो भी आम आदमी से दूर। इसको देखते हुए अब आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में चारों ओर 300 से अधिक मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं। मोहल्ला क्लीनिक की वेबसाइट कहती है कि स्वराज और मोहल्ला सभा जैसे विचारों से इसकी परिकल्पना की गई थी। 2014 से अब तक मोहल्ला क्लीनिक का आंकड़ा शून्य से 300 पार पहुंच गया है। इसकी शुरूआत अरविंद केजरीवाल के दूसरे कार्यकाल में आने के बाद हुई।







### घोटाले का खुलासा कैसे हुआ?

**एलजी** द्वारा जारी किए जांच आदेश में दावा किया गया कि अगस्त 2023 में दिल्ली में सात मोहल्ला क्लीनिकों के कुछ डॉक्टरों और कर्मचारियों द्वारा पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज करने की घटनाएं सामने आईं। ये मोहल्ला क्लीनिक दक्षिण-पश्चिम दिल्ली, शाहदरा और उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिलों में स्थित हैं। एक और बात सामने आई कि इन मोहल्ला क्लीनिकों में मरीजों को डॉक्टरों की गैर-मौजूदगी में ऐसे कर्मचारी दवाएं वितरित करते थे जो अधिकृत ही नहीं थे। इससे मरीजों का जीवन खतरे में पड़ने की बात कही गई। सितंबर 2023 में इन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई और उन्हें पैनल से हटा दिया गया, उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई। इसके बाद एलजी के आदेश पर दोनों प्राइवेट लैब एगिलस डायग्नोस्टिक्स और मेट्रोपोलिस हेल्थ केयर से मिले तीन महीनों के डेटा की समीक्षा की गई। सैंपल लैब टेस्ट डेटा जुलाई से सितंबर 2023 के बीच का था।

### टेस्ट में अनियमितता कैसे हुई ?

**समीक्षा** के दौरान यह पाया गया कि मरीजों के पंजीकरण और बाद में उन पर किए गए लैब टेस्ट के लिए नकली या ऐसे मोबाइल नंबरों का उपयोग किया गया जो थे ही नहीं। साथ ही मोबाइल नंबरों का भी दोहराव हुआ। समीक्षा रिपोर्ट के निष्कर्ष में दावा किया गया कि 11,657 मरीज ऐसे दिखाए गए जिनके मोबाइल नंबर वाले स्थान पर केवल 0 अंक दर्ज किया गया। 8,251 रोगी ऐसे मिले जिनके मोबाइल नंबर खाली मिले यानी उनका कोई नंबर ही नहीं था।

कुछ मरीजों का मोबाइल नंबर 9999999999 दर्शाया गया और इनकी संख्या 3,092 बताई गई। 1,2,3,4,5 से शुरू होने वाले मोबाइल नंबर 400 दिखाए गए जो भारत में होते ही नहीं। 999 मरीज ऐसे दर्ज थे जिनके मोबाइल नंबर 15 बार या अधिक बार दोहराए गए। इसके बाद 4 जनवरी 2024 को एलजी सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी।

### मामले में दिल्ली सरकार का क्या रुख है?

**सीबीआई** जांच के आदेश के बीच दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी की प्रतिक्रिया सामने आई है। मंत्री ने पूछा कि भाजपा अपनी सीबीआई जांच से क्या साजिश कर रही है। उन्होंने कहा, 'इस जांच का उद्देश्य गरीबों का इलाज रोकना है। ये चाहते हैं सीबीआई जांच से अफसर डर जाएं, फाइल ना बढ़ाएं, ना दवाइयां आएं, ना टेस्ट हों, ना डॉक्टरों की तनख्वाह जाए।' आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली में इसलिए चुनाव नहीं जीत पाती है, क्योंकि उसने दिल्लीवालों के लिए एक भी काम नहीं किया। भाजपा आम आदमी पार्टी से लंबी लकीर नहीं खींच पा रही है इसलिए वह दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा ठप करना चाहती है। दिल्ली की जनता ये भी देख रही है कि आयुष्मान योजना में 18 लाख फर्जी नामों के बाद भी भाजपा जांच के लिए उंगली नहीं उठा पा रही है।

### मोहल्ला क्लीनिक काम कैसे करती हैं?

**अगर** आप या आपके परिवार में कोई बीमार पड़ता है तो एक सरकारी क्लीनिक आपके आवास के एक किलोमीटर के दायरे में मिल जाएगी। मौजूदा समय में इन क्लीनिकों में 110 तरह की जांच और 212 दवाइयां मरीज को परामर्श के हिसाब से निःशुल्क दी जाती हैं।

### मोहल्ला क्लीनिक में क्यों लग रहा घोटाले का आरोप?

**दिल्ली** में चल रही इन्हीं मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी लैब परीक्षण के आरोप लगे हैं। इन अनियमितताओं के आरोप के पहले दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति के भी आरोप लग चुके हैं। इस संबंध में भाजपा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दावा किया कि आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक में गुमनाम मरीजों (घोस्ट पेशेंट) पर नकली लैब परीक्षण किया जा रहा है। लाखों फर्जी परीक्षणों के बदले दो निजी प्रयोगशालाओं एगिलस डायग्नोस्टिक्स और मेट्रोपोलिस हेल्थ केयर को भुगतान किया गया, जिससे करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ।

# लॉरेंस बिश्नोई-काला गैंग का शॉर्पशूटर गिरफ्तार

= शूटर को दिल्ली में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का जिम्मा दिया गया था। पुलिस ने उनसे रोहिणी से गिरफ्तार किया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा गैंग के एक शॉर्प शूटर को गिरफ्तार किया है। इस शूटर को दिल्ली में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का जिम्मा दिया गया था। पुलिस ने उनसे रोहिणी से गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। आरोपी की पहचान उत्तराखंड निवासी प्रदीप सिंह (18) के तौर पर हुई है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और 9 कारतूस भी बरामद किया गया है। गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा ने प्रदीप को इंस्टाग्राम के जरिए रिक्रूट किया था। उसे फिर भानु राणा के साथ सिग्नल ऐप के जरिए संपर्क कराया गया। भानु राणा हरियाणा के करनाल का रहनेवाला है। उसे दिल्ली में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का काम सौंपा गया।

**प्रदीप इंस्टाग्राम में काला के रील्स देखता थाः** धालीवाल ने बताया कि वह इंस्टाग्राम पर काला राणा के रील्स देखने लगा और उसकी आपराधिक गतिविधियों से प्रभावित हुआ। अगस्त 2023 से वह काला राणा को फॉलो करने लगा और उसे मैसेज किया। उसने बताया कि वह काला के गैंग में शामिल होना चाहता है। इसके बाद सितंबर 2023 में वह सिग्नल ऐप पर भानु राणा के संपर्क में आया।



### 'प्रदीप पढ़ाई छोड़कर गुरुग्राम आ गया'

**विशेष** पुलिस आयुक्त (विशेष शाखा) एचजीएस धालीवाल ने बताया कि दिल्ली पुलिस की एक टीम गैंगस्टर की गतिविधियों पर नजर रख रही है और इस क्रम में रोहणी सेक्टर 23 में प्रदीप की गतिविधि के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि टीम ने जाल बिछाया और आरोपी प्रदीप को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि प्रदीप 2022 में अपनी पढ़ाई छोड़कर गुरुग्राम आ गया, जहां वह अपने दोस्त के साथ रहने लगा।

**प्रदीप को एक अपराध का काम सौंपा गयाः** इसके बाद, 30 दिसंबर 2023 को भानु राणा ने उसे अगले 7-8 दिनों में अन्य सहयोगियों के साथ दिल्ली में एक लक्षित अपराध करने का काम सौंपा। भानु राणा ने उसे यह भी बताया कि कुछ और लोग उससे दिल्ली में मिलेंगे और इस बारे में डिटेल बाद में साझा किया जाएगा। इसके अलावा, आरोपी को रोहिणी सेक्टर 24 में हथियारों की एक खेप मिली। 3 जनवरी को वह गिरोह के अन्य सदस्यों से मिलने के लिए सेक्टर 23 आया था, लेकिन अवैध हथियार के साथ वह पकड़ा गया।

# ठंड का प्रकोपः दिल्ली में रहा 'कोल्ड डे'

## कोहरे की वजह से 14 ट्रेनों में हुई देरी; 30 फ्लाइट्स भी विलंब से रवाना

= दिल्ली में शनिवार को फिर से कोल्ड डे घोषित किया, यहां पर अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी दिल्ली** में शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग ने दिल्ली में शनिवार को फिर से कोल्ड डे घोषित किया गया। यहां पर अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

दिल्ली में घने कोहरे के चलते सड़क और रेल यातायात पर भी असर पड़ा है। पालम में सबसे ज्यादा कम दृश्यता देखी गई। यहां पर सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता 1000 मीटर था। वहीं सफदरजंग में सुबह आठ बजे दृश्यता का स्तर 500 मीटर रहा। भारतीय रेलवे के अनुसार उत्तर भारत में दिल्ली से चलने वाली करीब 14 ट्रेनों में देरी हुई। वहीं दिल्ली पहुचने वाली ट्रेन छह घंटे की देरी से पहुंची।

**कोहरे की वजह से हवाई यातायात प्रभावितः** कोहरे का असर हवाई यातायात पर भी देखने को मिला। आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह 8 बजे करीब 30 फ्लाइट्स में देरी हुई। हालांकि हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में पीएम 2.5 का स्तर बहुत खराब श्रेणी में रहा। यहां पर एक्यूआई 346 रहा। वहीं पीएम 10 का स्तर भी खराब श्रेणी में रहा।





# राज्यसभा चुनावः नामांकन दाखिल करने जा सकेंगे आप सांसद

= अंडरटेकिंग, नामांकन फॉर्म और अन्य सहायक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर की अनुमति देने का निर्देश दिया था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली की** अदालत ने शनिवार को आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को आगामी राज्यसभा चुनाव (रास चुनाव) में नामांकन फॉर्म दाखिल करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आने की अनुमति दी। इससे पहले शुक्रवार को राउज एवन्यू कोर्ट ने संजय सिंह को राज्यसभा के सदस्य के रूप में दोबारा नामांकन फार्म भरने की इजाजत दे दी थी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने संजय सिंह की तरफ से दायर आवेदन स्वीकार कर लिया था। शुक्रवार को अदालत ने जेल अधीक्षक को चुनाव के संबंध में अंडरटेकिंग, नामांकन फॉर्म और अन्य सहायक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर की अनुमति देने का निर्देश दिया था। अदालत ने कहा था कि जब सिंह के कानूनी प्रतिनिधि व परिवार के सदस्य जेल में उनसे मुलाकात के दौरान इसे प्रस्तुत करेंगे तो इसकी अनुमति दी जाए। आवेदन में उनके वकील ने कोर्ट से अपील में कहा, आम आदमी पार्टी ने वरिष्ठ नेता संजय सिंह को राज्यसभा के सदस्य के रूप में फिर से नामित किया है क्योंकि उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी, 2024 को समाप्त होने वाला है। ऐसे में हिरासत में रहते हुए सिंह के हस्ताक्षर करने की अनुमति प्रदान की जाए। उनके पुनः नामांकन के लिए नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।



**तीन माह से जेल में हैं संजय सिंहः** दिल्ली शराब नीति मामले में आप सांसद संजय सिंह फिलहाल जेल में हैं। संजय सिंह को उत्पाद नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि संजय सिंह ने अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कुछ शराब निमार्ताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को मौद्रिक लाभ हुआ। 22 दिसंबर को ट्रायल कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसमें कहा गया कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ मामला वास्तविक है।

## दिल्ली के लोगों की बढ़ी आमदनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2022-23 में दिल्ली की प्रतिव्यक्ति आय जहां 3,89,529 रुपये थी जो इस वर्ष बढ़कर 4,44,768 हो गए है। यह प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से 158.1 प्रतिशत अधिक है। दिल्ली सरकार के अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा जारी की गई स्टैटिस्टिकल हैंडबुक-2023 में यह बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर योजना मंत्री आतिशी ने कहा है कि वर्ष 2023 में हमारे सामने तमाम बाधाएं आईं, लेकिन उसके बावजूद केजरीवाल सरकार की दिल्ली के लोगों के हित में, दिल्ली की तरक्की की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता कायम रही है। सार्वजनिक सेवाओं के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। दिल्ली सरकार के अनुसार सरकार द्वारा बढ़ाई जा रहीं सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के चलते 2023 में डीटीसी और क्लस्टर सेवा की बसों को मिलाकर प्रतिदिन औसतन 41 लाख यात्रियों ने बसों में सफर किया है।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा में 10 करोड़ से अधिक लोग शामिल'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा ने बड़े पड़ाव को पार कर लिया। 10 करोड़ से अधिक लोग इस यात्रा में शामिल हो चुके हैं। इनमें से 7.5 करोड़ लोगों ने 2047 तक एक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हम सबके सामने रखा है।

## न्यूजक्लिक मामले में केंद्र को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** डिजिटल उपकरणों की तलाशी व जब्ती के लिए दिशा-निर्देशों की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार तथा सीबीआइ व ईडी जैसी जांच एजेंसियों से जवाब मांगा। जस्टिस बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ ने समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया।

अदालत ने कहा, इस मामले की सुनवाई समान मुद्दों को उठाने वाली अन्य याचिकाओं के साथ की जाएगी। शुरूआत में पीठ ने कहा कि वह संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका लेकर सीधे शीर्ष अदालत में आने वाले हर किसी की सराहना नहीं करती है।

# 'योजनाओं के प्रचार में अधिकारियों की तैनाती गलत नहीं'

= सरकार किसी व्यक्ति द्वारा चलाई जाती है। यह कठोर वास्तविकता है। और व्यक्ति (प्रधानमंत्री) को जनता द्वारा चुना जाता है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सरकार** की योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए रक्षा व नागरिक अधिकारियों के इस्तेमाल पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि अगर कोई राजनीतिक प्रतीक चिन्ह नहीं है या किसी राजनीतिक दल का नाम इस्तेमाल नहीं किया गया है तो इसमें किसी को कोई शिकायत नहीं हो सकती। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि सरकार किसी व्यक्ति द्वारा चलाई जाती है। यह कठोर वास्तविकता है। और व्यक्ति (प्रधानमंत्री) को जनता द्वारा चुना जाता है। वह एक संवैधानिक पद पर है और अगर अंतिम लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार जोर दे रही है तो आपको इससे कोई शिकायत नहीं हो सकती। हाई कोर्ट ने पिछले नौ वर्षों में शुरू की गई सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में रक्षा और नागरिक अधिकारियों का उपयोग के विरुद्ध दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका पूर्व आइएएस अधिकारी ईएएस सरमा और एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स के अध्यक्ष जगदीप एस छोकर ने दायर की है। याचिकाकताओं ने रक्षा लेखा महानियंत्रक द्वारा रक्षा मंत्रालय के किए गए अच्छे कार्यों को दिखाने के लिए सेल्फी प्वाइंट पर रक्षा अधिकारियों की तैनाती के संबंध में नौ अक्टूबर को जारी एक आदेश को चुनौती दी है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान एडिशनल सालिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने तर्क दिया कि उन्हें इसके लिए तैनात किया गया है ताकि योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जा सके।







# गृह मंत्री अनिल विज से न्याय की आस, पहुंचे सैकड़ों फरियादी

## युवक को जर्मनी भेजने के नाम पर कई देशों में घुमाता रहा एजेंट, गृह मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए, आयकर विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, मंत्री अनिल विज ने स्टेट क्राइम ब्यूरो को कार्रवाई के निर्देश दिए

**निर्देश**

**8 विज ने कार्रवाई के लिए कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से न्याय की आस लेकर शनिवार कड़ाके की सर्दी के बावजूद प्रदेशभर से सैकड़ों फरियादी अम्बाला स्थित उनके आवास पर पहुंचे। गृह मंत्री के समक्ष कबूतरबाजी के कई मामले आए जिन पर कार्रवाई के लिए उन्होंने कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए। कैथल से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि एजेंटों ने उसे जर्मनी वर्क वीजा पर भेजने के नाम पर उससे छह लाख रुपए की ठगी की। उसने बताया कि पहले एजेंटों ने उसे जर्मनी भेजने का झांसा देकर रूस भेज दिया, वहां कुछ दिन रहने के बाद आगे भेजने के बजाए वापस भारत आने को कहा गया। इसके बाद एजेंटों ने उसे श्रीलंका के रास्ते दुबई भेजा और झांसा दिया कि आगे जर्मनी जल्द भेजा



जाएगा। दुबई में कुछ माह रहने के बाद उसे कजाकिस्तान भेजा गया जहां पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने बीते वर्ष जुलाई माह में डि-पोर्ट करते हुए नई दिल्ली की फ्लाइट पर बिठा दिया। देश में आकर उसने एजेंटों से पैसे वापस मांगे तो उसे धमकियां दी गई। इसी तरह, कबूतरबाजी के एक अन्य मामले में यमुनानगर निवासी युवक को पुर्तगाल भेजने के नाम पर एजेंटों ने 9 लाख रुपए की ठगी की। युवक ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि पुर्तगाल भेजने के लिए एजेंटों द्वारा वीजा उसे दिखाया गया परंतु वह फर्जी था। इसी प्रकार, कुरुक्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि उसे स्टडी वीजा पर इंग्लैंड भेजने के नाम पर एजेंटों ने उससे 21 लाख रुपए की ठगी की, जो वीजा उसे दिया गया वह फर्जी था। वहीं, कुरुक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि उसे अमेरिका भेजने के नाम पर 9.50 लाख रुपए की ठगी की गई।

**आयकर विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गृह मंत्री अनिल विज ने स्टेट क्राइम ब्यूरो को कार्रवाई के निर्देश दिए:** भिवानी से आए फरियादी ने अनिल विज को फरियाद देते हुए बताया कि भिवानी में उसे एक ठग ने आयकर विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 21.65 लाख रुपए की ठगी की। इसके उपरांत न नौकरी लगी न पैसे वापस मिले। उसने भिवानी पुलिस थाने में केस दर्ज भी कराया, मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गृह मंत्री ने मामले में स्टेट क्राइम ब्यूरो को मामले की जांच के निर्देश दिए।

**कैथल में हत्या मामले की जांच के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए:** कैथल से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसके बेटे की हत्या कुछ माह पूर्व हुई थी। पुलिस ने केस दर्ज किया, मगर अब तक न तो आरोपियों को पकड़ा गया और न ही सही तरीके से पुलिस ने जांच की। गृह मंत्री ने एसपी कैथल को मामले की जांच के लिए अलग से एसआईटी गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ की जाती है कार्रवाई: विज

**पत्रकारों** से बातचीत के दौरान प्रदेशभर से गृह मंत्री अनिल विज के आवास पर जुटे फरियादियों के प्रश्न पर श्री विज ने कहा कि लोगों की शिकायतों पर उनका समाधान भी होता है, मगर कई बार वह संतुष्ट नहीं होते तो ऐसे में उनकी संतुष्टि करने का प्रयास किया जाता है तथा जनता की शिकायतों पर जो अधिकारी काम नहीं करते उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। जगन्नाथ पुरी मठ के शंकराचार्य के बयान कि यूपी में तीन पाकिस्तान बनाने की नींव डाली जा रही है पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा हमें ऐसा नहीं लगता, हमे लगता है कि हिंदुस्तान को जितना मजबूत मोदी और योगी कर रहे हैं उतना शायद आज तक किसी अन्य ने नहीं किया होगा।



**लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने हरियाणा में भी अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। आगामी लोकसभा चुनाव में दस की दस सीटें जीतने के लिए एक विशेष कार्य योजना बैठक शनिवार को पंचकूला के पार्टी कार्यालय पंचकमल में बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, अनेक मंत्री, सांसद व पदाधिकारी सहित प्रदेश आला नेता शामिल रहे।**

## फसल खराबे की शेष मुआवजा राशि 31 करोड़ रुपए किसानों के खातों में भेजी गई

**चंडीगढ़:** हरियाणा में पिछले साल मानसून के दौरान बारिश और बाढ़ से खराब हुई रबी की फसलों के लिए मुआवजा दावों का भुगतान कर दिया गया है। किसानो के खातों में 31करोड़ रुपए के मुआवजा दावों का भुगतान किया गया है। पिछले साल भारी बारिश-ओलावृष्टि और जलभराव से खराब हुई गेहूं, सरसों, जौ एवम अन्य फसलों के बीमा दावे के रूप में 31 करोड़ रुपये किसानों के खाते में भेजे गए हैं।

कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने बताया कि रबी सीजन 2022-23 के तहत सिरसा में 16 करोड़ 42 लाख रुपये, रेवाड़ी में 10 करोड़ 31 लाख 65 हजार रुपये, भिवानी में एक करोड़ 89 लाख रुपये, कैथल में एक करोड़ 44 लाख रुपये, कुरुक्षेत्र में एक करोड़ 36 लाख रुपये, फरीदाबाद में 35 हजार 900 रुपये और पंचकूला में 18 हजार रुपये का दावा जारी किया गया है।

## 'विकसित भारत का दिलाया जा रहा संकल्प'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लाभार्थियों तक पहुंच सके। वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे है।

स्कूल शिक्षा मंत्री शनिवार को जिला यमुनानगर के लेदा खादर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगो को संबोधित कर रहे थे।

अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्रः कंवरपाल ने कहा कि सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र का विकास है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने अंत्योदय जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण एवं उत्थान किया है जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए व कटे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार निरंतर नवाचार और नई-नई पहलों के माध्यम से किसानों की प्रगति सुनिश्चित कर रही है।

**संवाद**

**8 सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा**

## छात्र संगठन इनसो ने की जिला अध्यक्षों की नियुक्ति

चंडीगढ़: नए साल पर छात्र संगठन इनसो ने अपनी कार्यकारिणी के पुनर्गठन की शुरूआत की है। इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल , प्रदेश प्रभारी रवि मसीत व प्रदेश अध्यक्ष अजय राव ने इनसो संस्थापक व जेजेपी सुप्रीमो डॉ अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला से विचार विमर्श करके 11 जिला अध्यक्षों की घोषणा की। इनसो ने प्रदीप शर्मा को रोहतक, भीष्म दहिया को झज्जर , कृष्ण राणा को यमुनानगर, कृष्ण सरोहा को सोनीपत, अज्जू घनघस को हिसार, विक्रांत कटारिया को गुरुग्राम, हनी दहिया को कुरुक्षेत्र, मोहित साहू को चरखी दादरी की जिम्मेदारी दी गई।

## 'पीएम मोदी व सीएम मनोहर कर रहे है गरीबों को आत्मनिर्भर'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीब, महिलाओं, किसानों व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिसके तहत अनेकों कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरीए मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। राज्य मंत्री कमलेश ढांडा राजौंद के गांव बीरथे बाहरी व बीरबांगडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम मे शिरकत करने के दौरान बोल



रही थी। राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधर सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। समाज के गरीब वर्ग के लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का उनके घर द्वार पर ही लाभ मिल रहा है। योजना के क्रियान्वयन को लेकर अगर किसी पात्र व्यक्ति को समस्या आ रही है तो उसका मौके पर समाधान किया जा रहा है। पात्र लोगों को मौके पर योजना का लाभ प्रदान किया जाता है। राज्य मंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को हर दरवाजे तक पहुंचा रही है। यात्रा बिना किसी भेदभाव के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के नेतृत्व में देश को ऐसी सरकार मिली है जो गारंटी के साथ अंत्योदय उत्थान की योजनाओं को धरातल पर उतार रही है।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है और लोगों की समस्याओं की समाधान भी किया जा रहा है। इस दौरान असंख्य ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**संकल्प यात्रा**

**8 गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है**

## 'गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में मिली कामयाबी'

### लाभार्थियो के दरवाजे तक पहुंच रही है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

**विधायक लक्ष्मण** सिंह यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्राके माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही है। सरकार गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में कामयाब हुई है। सरकार द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जा रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा वरदान साबित हो रही है। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने यह बात शनिवार को विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा का कोसली विधानसभा के गांव मुसेपुर व नांगलिया रणमौख में सम्बोधन के दौरान कही।

**नींव मजबूत**

**8 समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जा रहा**

**विश्व भर में शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी भारत की छवि:** उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा 140 करोड़ देशवासियों को विकसित करने की यात्रा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व भर में भारत की छवि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है।

**सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच रही लोगों की समस्याएं:** उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है।

## महाराणा प्रताप चौक के पास झुग्गियों में बांटे गर्म वस्त्र

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेन्द्रगढ़** । शहर की सामाजिक संस्था प्रयास श्री बालाजी संस्था द्वारा गत एक माह से नए पुराने गर्म वस्त्र वितरण अभियान जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महाराणा प्रताप चौक के पास संस्था द्वारा संचालित सिलाई सेंटर व झुग्गी पाठशाला में बच्चों को स्वेटर वितरित की गई। संस्था सदस्य अनिल कुमार ने बताया कि हमें अपने नेक कमाई में से जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। हमारी संस्कृति में दान का विशेष महत्व है और ये समय स्थिति के अनुसार दिया जाए तो सबसे बेहतर होता है।

## गठबंधन सरकार को नहीं जनता से सरोकार: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए जनता से सीधे जुड़ाव वाले महकमों को भी अलॉट बजट भी पूरी तरह खर्च नहीं करने दिया जा रहा। ऐसे में जो अनुपूरक मांगें रखते हुए शीतकालीन सत्र में 11 हजार करोड़ का बजट और मांगा गया



था, उसका तो कोई औचित्य ही नहीं बचता। पिछले वित्त वर्ष में भी 10 हजार करोड़ रुपये महकमों ने लैप्स कर दिए थे, जो बाद में वापस लौटाने पड़े थे। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 2014 से भाजपा की अगुवाई वाली सरकार प्रदेश में काबिज है, लेकिन आज तक उसे वित्तीय प्रबंधन नहीं आया। बजट को किस तरह से खर्च करना होता है, यह भी अभी तक नहीं सीख पाए। वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में बजट का 25 प्रतिशत, दूसरी में 20 प्रतिशत, तीसरी में 25 प्रतिशत व अंतिम तिमाही में 30 प्रतिशत खर्च करना होता है। लेकिन, जिन महकमों का जनता से सीधा जुड़ाव है, वे ऐसा कर ही नहीं पा रहे।

## अधिकारियों को बेहतर सर्विस डिलीवरी में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण के महत्व के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के आईएएस अधिकारियों में करियर की उन्नति के लिए आवश्यक विविध पहलुओं की व्यापक समझ विकसित करने के लिए शनिवार को गुरुग्राम स्थित हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस सेमिनार में भारत सरकार/पीएसयू बनाम राज्य सरकार में काम करना, बहुराष्ट्रीय संस्थानों/निजी क्षेत्र व विदेशी अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों व वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने अनुभव व विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी दी।

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सेमिनार का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य आईएएस अधिकारियों के लिए करियर उन्नति के बहुमुखी आयामों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना और गहन चर्चा को बढ़ावा देना है। इस सेमिनार में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं और विशेषज्ञों के साथ भागीदारी करने से प्रतिभागियों को करियर से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों पर व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त होगा। उन्होंने अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया और कहा कि यह अधिकारियों को उनकी सेवा के दौरान निभाई जाने वाली विविध भूमिकाओं के लिए तैयार करता है। मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न प्रशासनिक पदों पर प्रभावी ढंग से सेवा करने और राज्य और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और मूल्यों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विशेष योगदान रहता है। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री. वी. उमाशंकर, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, अनुराग रस्तोगी, पावर यूटिलिटीज के अध्यक्ष पीके दास, पूर्व राजस्व सचिव तरुण बजाज ने राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार में विभिन्न क्षमताओं में काम करने के दौरान अपने अनुभव साझा किए।

## हरियाणा के गांव-गांव तक पहुंच रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा

### मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है वही बढ़ रहा लोगों का भरोसा, संकल्प यात्रा से पात्र लोगों को मिल रहा है योजनाओं का पूर्ण लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है वहां लोगों का भरोसा बढ़ा रही है और लोगों की उम्मीदों को पूरा कर रही है। इसलिए संकल्प यात्रा अंत्योदय के सपने को साकार कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। इसलिए प्रति दिन यात्रा में लोगों की भागीदारी बढ़ती जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को उस पात्र व्यक्ति तक पहुंचना है,



जो किसी कारणवश योजनाओं से वंचित रह गया है। यह यात्रा सरकारी योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए केंद्रित है। सरकारी योजनाएं बिना किसी पक्षपात या भेदभाव के सभी के लिए उपलब्ध हैं। हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में 36 लाख 57 हजार से अधिक लोग भागीदारी कर चुके है। इस दौरान 6 लाख 68 हजार से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच, 7 लाख 57 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए गए है। ग्रामीणों को इस बात की खुशी है कि उनके प्रतिभावान युवाओं को उन्हीं के बीच में सम्मान दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान 27663 महिलाओं, 41053 विद्यार्थियों, 5882 खिलाड़ियों और 5638 कलाकारो को सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का लाभ के लिए 21 हजार से अधिक व मेरा भारत वालंटियर के तहत 1 लाख 25 हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है। संकल्प यात्रा में 30 लाख 17 हजार से ज्यादा लोगों ने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया।

**संकल्प**

**8 संकल्प यात्रा में 30 लाख 17 हजार से ज्यादा लोगों ने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया**

## न्यूज फ्लैश

### भारत सरकार का लक्ष्य दो करोड़ दीदीयों को लखपति बनाना: श्रीधर

**सोनीपत: भारत सरकार** के संयुक्त सचिव सी. श्रीधर ने कहा कि भारत सरकार ने देश की दो करोड़ दीदीयों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सुदृढ़ किया जाएगा। समूहों को आर्थिक सहायता देते हुए दीदीयों को स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। पीएमओ में नियुक्त संयुक्त सचिव सी. श्रीधर शनिवार को लहराड़ा में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों की सभा को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने की। संयुक्त सचिव ने विस्तार से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से उनके उत्पादों, बिक्री व आमदनी के साथ समस्याओं व मांगों की जानकारी ली। विजयलक्ष्मी समूह की प्रधान सुमित्रा तथा सवेरा समूह की रोशनी आदि ने बताया कि समूह गठन के बाद उन्हें मिली ऋण सुविधा से वे अपना खुद का व्यवसाय संचालित कर रही हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिल रही है। दूसरी बहनों को भी वे इसके लिए जागरूक कर रही हैं। संयुक्त सचिव ने कहा कि बदलाव खुद से ही करना चाहिए। समूहों की दीदीयों को ऑनलाईन अपने उत्पादों को बेचना चाहिए। हाथों से बनी वस्तुओं के दाम ऑनलाईन अच्छे मिलते हैं। उन्होंने कहा कि वे बहनों को विभिन्न प्रकार के उत्पादन का प्रशिक्षण भी दिलायेंगे और ऋण भी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बहुत बेहतर बनेगी। उन्होंने कहा कि जो बहनें पूर्णतया निरक्षर हैं उन्हें हस्ताक्षर करने के साथ मोबाईल से पैसों की ट्रांजेक्शन करना अवश्य सिखलायें। इसके लिए 26 जनवरी व 15 अगस्त की तिथियों का निर्धारण करें कि इस समयावधि में वे इतनी बहनों को प्रशिक्षित कर देंगी। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर भी विशेष रूप से बल दिया। इस दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पूर्ण आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा करते हुए समस्याओं को दूर किया जाएगा। महिलाओं ने विशेष रूप से अचार बनाने का प्रशिक्षण दिलाने की मांग की, जिसके लिए उन्होंने मौके पर ही निर्देश दिए कि इसकी समुचित व्यवस्था की जाए। इसके अलावा उन्होंने पीएचसी जाखौली में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संयुक्त सचिव को फतेहपुर में ड्रोन से स्प्रे प्रदर्शन का अवलोकन भी करवाया। उन्होंने बताया कि किसान से एक एकड़ के लिए मात्र सौ रुपये लिये जाते हैं और ड्रोन से उनके खेतों में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी स्प्रे करवा देते हैं।

आयुष्मान **आरोग्य मंदिर पीएचसी जाखौली में जांची स्वास्थ्य सुविधाएं: संयुक्त** सचिव सी. श्रीधर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी जाखौली में स्वास्थ्य सुविधाओं की पड़ताल से अपने दौरे की शुरूआत की। उन्होंने पीएचसी में चिकित्सकों के साथ डिलीवरी रूम, महिला वार्ड, पुरूष वार्ड, टीबी उन्मूलन अभियान, वैक्सिनेशन, लैब तथा औषधालय इत्यादि स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीरता से जांच की। मरीजों से भी उन्होंने सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के तहत गर्भवतियों नीलम व कविता को गुड़-चना भेंट करते हुए मंगलकामना की।

**पबसरा में अमृत सरोवर का किया निरीक्षण:** संयुक्त सचिव सी. श्रीधर ने पबसरा में स्थापित किये गये अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए माइक्रो इरिगेशन प्रोग्राम की जांच की। उन्होंने कहा कि गांव के गंदे पानी की निकासी के उचित प्रबंध किये जायें। गंदे पानी को ट्रिट करने के उपरांत उसे खेती के लिए प्रयोग में लायें। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों का अधिकाधिक लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए।

**वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का किया दौरा:** संयुक्त सचिव सी. श्रीधर ने ताजपुर-मुरथल स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का दौरा करते हुए कूड़ से बिजली उत्पादन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस प्रकार के प्लांट की आवश्यकता है। निगमायुक्त विश्राम मीणा ने उन्हें बताया कि प्लांट में सोनीपत, गन्नौर, समालखा और पानीपत का कूड़ा लाया जाता है। घर-घर से कूड़ा उठाकर यहां लाया जाता है, जिससे फिर बिजली का उत्पादन किया जाता है। इससे कूड़े का उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

इस मौके पर उपायुक्त डा. मनोज कुमार के साथ निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा, सीईओ डा. सुशील मलिक, नगर निगम की संयुक्त सचिव अंकिता वर्मा, सिविल सर्जन डा. जयकिशोर, डा. नीरज यादव, डा. अनविता कौशिक, डा. अनीता, नायब तहसीलदार अंकित आदि अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# मलिकपुर और हरसिंहपुरा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## सरकार ने बदली सत्ता की परिभाषा : हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव मलिकपुर और हरसिंहपुरा पहुंची। दोनों गांवों में मुख्य अतिथि के रूप में घरौंडा हलका के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सरकार ने सत्ता की परिभाषा को बदलने का काम किया है। पहले जो सत्ता में आता था, यह मान लेता था कि चौधर हाथ में आ गई लेकिन अब सत्ता को सेवा के रूप में देखा जाता है। जिस भाव से हम



मंदिर, गुरुद्वारा आदि में जाकर सेवा करते हैं उसी सेवा भाव से केंद्र और हरियाणा सरकार जनता की सेवा में लगी है। मलिकपुर में सरपंच सतविंदर कौर और हरसिंहपुरा में सरपंच लक्ष्मण बैरागी ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मलिकपुर में समाजसेवी राजकुमार पालीवाल और हरसिंहपुरा में हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की अध्यक्ष निर्मल बैरागी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। मलिकपुर में सरपंच प्रतिनिधि बहादुर सिंह ने और हरीसिंहपुरा में सरपंच ने में पिछले 9 साल में हुए विकास कार्यों की जानकारी थी और कुछ मांगों को विधायक के सम्मुख रखा। विधायक ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने से पहले लाइन पार के करीब डेढ दर्जन गांवों के लोगों को रास्ता उपलब्ध न होने के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ रही था। वर्तमान सरकार ने रेलवे से जमीन लेकर इस समस्या का स्थाई रूप से समाधान किया। सरकार का मानना है कि कोई भी काम नामुमकिन नहीं है।

## यूको बैंक का शनिवार को 82वां स्थापना दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल।** यूको बैंक मंडी अटेली ने शनिवार को बैंक का 82 वा स्थापना दिवस मनाया गया। बैंक परिसर में बैंक प्रबंधक व दूसरे अधिकारियों ने बैंक की विभिन्न स्कीमों, ऑनलाइन तथा महिलाओं को दी जाने वाली सम्मान निधि तथा दूसरी जानकारियां के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैंक ने अपने उपभोक्ताओं को मिठाइयां भी खिलाई। स्थापना दिवस के मौके पर डिजिटल लेनदेन, एटीएम के रखरखाव व अन्य महत्वपूर्ण बैंकिंग जानकारियां प्रदान की गई। बैंक की प्रबंधक ममता कटारिया की अध्यक्षता में सहायक प्रबंधक श्वेता ने बताया की बैंक में महिला सम्मान निधि स्कीम शुरू की हुई है जो महिलाओं को सबल बनाने के लिए शुरू की हुई है। जिसमें महिला 2 साल के लिए एफडी कराकर 7.5 प्रतिशत ब्याज प्राप्त कर सकती है, जिसमें ब्याज सबसे अधिक है। सहायक प्रबंधक श्वेता ने सिम-म्युचुअल फंड के बारे में भी बैंक उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक उपभोक्ताओं को अपने शिप व फोन पर आने वाले ओटीपी किसी अनजान व्यक्ति से शेयर कभी न करे। इससे डिजिटल फ्रॉड से बचा जा सकता है।

बता दें कि अटेली कस्बे में यूको बैंक की शाखा सन 2015 में शुरू हुई थी, इस समय बैंक में 9800 करीब खाताधारक है जिनमें सेविंग, करंट, सीसी, एफडी सहित अनेक प्रकार के खाते है। बैंक ने कस्बे में कम समय में सरकार की विभिन्न स्कीमों को देश के नागरिकों तक पहुंचा रहे हैं। बैंक की स्थापना 1943 में हुई थी जो अब देश करीब 4 हजार शाखाएं है।

## विधायक गोयल ने लाभार्थियों को बांटे आयुष्मान कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड योजना को लॉच करके हरियाणा में पहले बेस के अंदर 14.50 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम किया। इसी तर्ज पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तुरंत चिरायु/आयुष्मान योजना लॉच करके 15 लाख परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर इसमें सम्मलित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज 2 करोड 70 लाख की आबादी हरियाणा में है जिनमें से लगभग 1.50 करोड परिवारों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। विधायक असीम गोयल नन्यौला आज विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दृष्टिगत गांव नकटपुर-बांहपुर, जगौली व सेखोंपुर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे।

विधायक असीम गोयल ने उपस्थित



ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को संसार का सबसे ताकतवर एवं विकसित देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए आमजन की भागेदारी बेहद आवश्यक है। आजादी के जब 100 वर्ष पूरे होंगे तो हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो यह सपना संजोया है, उस सपने को हमने पूरा करना है। आयुष्मान कार्ड/ चिरायु कार्ड के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों का पांच लाख रुपये का इलाज निशुल्क हो रहा है। अब कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव के कारण इलाज से वंचित नही रहा है। अब सरकार द्वारा नई पहल करते हुए तीन लाख रुपये तक की आमदनी वाले परिवार भी मामूली राशि देकर आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनवा कर इसका लाभ ले सकते हैं।

## पंखे, गीजर और बिजली का सामान चोरी करने वाला काबू

**टीम एक्शन इंडिया /करनाल/राजकुमार प्रिंस। बर्गलरी स्टॉफ की** टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी इअजय उर्फ घुंडी पुत्र सूरजभान वासी औगंधइ को कस्बा निसिंग से गिरफ्तार किया । आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से 21 छत पंखे और एक गैस गीजर बरामद किया गया।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी अजय ने 11 दिसंबर की रात को निसिंग से शिकायतकर्ता अभिषेक वासी निसिंग के हांडा इलेक्ट्रॉनिक के गोदाम से छत पंखे, गैस गीजर, तार बंडल और अन्य बिजली का सामान चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में



आईपीसी की धारा 380, 457 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि आरोपी अजय ने जल्दी अमीर बनने के लालच में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पहले भी आरोपी के खिलाफ चोरी का एक मुकदमा दर्ज है।

## केंद्र और प्रदेश सरकार हैं किसान हितैषी: बख्शीश सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। पूर्व विधायक** सरदार बक्शीश सिंह ने शनिवार को मर्दान हेडी व चौगामा गांव में आयोजित विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसान हितैषी है। आज किसानों को उनकी फसलों के दाम उचित मूल्य पर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत हर एक आदमी का 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कार्ड बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता की है।

उन्होंने कहा कि आज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं पूरे विश्व में नंबर एक पर चले हुए हैं। उन्होंने इतनी जन कल्याणकारी योजनाएं पूरे भारत में दे दी हैं कि जिन को अपनाकर पूरा भारतवर्ष और उसके आम नागरिक लाभ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आज जब किसी भी परिवार में बेटी की शादी होती है तो 31 हजार का अनुदान देती है। अगर किसी विधवा की बेटी की शादी होती है तो 51 हजार रुपए और अगर किसी अनुसूचित परिवार की बेटी की शादी होती है तो उसमें 71 हजार का कन्यादान देकर हमारी बेटियों को सम्मानित करती है। इतना ही नहीं शादी रजिस्टर्ड होते ही एक हफ्ते के अंदर अंदर पैसे उस बेटी के खाते में पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और मनोहर सरकार ने सबका साथ सबका विकास पर बहुत काम किया है। बगैर भेदभाव के और बगैर खर्ची और बगैर पर्ची के नौकरियां दी हैं। योग्यता के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं।

फफडाना गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि सरदार बक्शीश सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव पंहुच रही है और मौके पर ही आमजन को जहां योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, वहीं पात्र व्यक्तियों को मौके पर योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ-साथ आमजन द्वारा रखी गई समस्याओं को भी मौके पर ही निपटाया जा रहा है। उन्होंने उक्त कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया और पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया। इस अवसर पर मर्दान हेडी गांव में भाजपा नेता बृजमोहन ठक्कर ने उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ भी दिलवाई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने स्कूली बच्चों को उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कृत भी किया।

## रस्सा-कसी प्रतियोगिता में खैरोली की टीम ने पुलिस टीम को हराया

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़ । हरियाणा** उदय मुहिम के तहत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में युवाओं व ग्रामीणों को जोड़कर युवाओं को शिक्षा, खेलकूद के प्रति प्रेरित करने के लिए पुलिस ने शनिवार को गांव खैरोली में खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। डीएसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार और एसपी नितिश अग्रवाल के निदेर्शानुसार पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देकर खेलों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक के दिशा निदेर्शानुसार पुलिस द्वारा गांव में खेल प्रतियोगिता करा युवाओं को पढाई , खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। ताकि युवा पीढ़ी नशे और दूसरे अपराधों से दूर रह सके और अपनी ऊर्जा का सही जगह इस्तेमाल कर देश का नाम रोशन कर सकें। ग्राम पंचायत खैरोली के द्वारा मुख्यातिथि डीएसपी जितेंद्र कुमार का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। गांव के खेल मैदान में वॉलीबाल, रस्सा-कसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रस्सा-कसी की प्रतियोगिता गांव खैरोली के युवाओं और पुलिस जवानों के बीच कराई गई। जिसमे गांव खैरोली की टीम ने जीत हासिल की। जीतने वाली टीम को डीएसपी द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता गांव खैरोली और गांव छाजियावास की टीमों के बीच कराई गई, जिसमें शूटिंग वॉलीबाल में गांव खैरोली की टीम और स्मैशिंग वॉलीबॉल में गांव छाजियावास की टीम ने जीत हासिल की। जीतने वाली टीमों को डीएसपी द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अंत में ग्राम पंचायत खैरोली से सरपंच व मौजीज व्यक्तियों को एसपी द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

## अम्बाला शहर में खत्री सभा के चुनाव कल: राजेंद्र मेहता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला** शहर में खत्रि सभा द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि कल रविवार को खत्रि सभा के चुनाव होने जा रहे है। इस अवसर पर अमन मल्होत्रा, राकेश मल्होत्रा, डॉ के एस के वर्मा , राजेंद्र मेहता, अशोक कपूर , शिव चौपड़ा मौजूद थे। राजेंद्र मेहता ने बताया कि यह संस्था पिछले 100 वर्षों से सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि गोबिंदपुरी शमसान घाट, रामबाग के नवीनीकरण में भी अग्रणीय रही है। खत्रि सभा आने वाले समय में खत्रि भवन का निर्माण करवाएगी। जिसमें चेरिटेबल डिसपेंसरी, लाइब्रेरी व शहर में खत्रि चौंक का निर्माण करवाने के लिए भी प्रयासरत है। राकेश मेहता ने कहा कि कल रविवार को सुबह 11 बजे गोबिंदपुरी शमशान घाट में सुंदर ढिंगरा, व दीपक बोला की देखरेख में यह चुनाव संपन्न होगा।

## संजोग अस्पताल में भारतीय जैन संगठन दिल्ली के सहयोग से निशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का शुभारम्भ

### भाजपा नेता राजीव जैन व राई से भाजपा नेता माईराम कौशिक ने किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। नेशनल हाइवे 44** पर स्थित एल्डिगो में संजोग अस्पताल में भारतीय जैन संगठन दिल्ली व संजोग अस्पताल के प्रबंधकों के सयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प का आयोजन किया गया है। कैम्प का शुभारम्भ राई से विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बडौली के भाई माईराम कौशिक व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सयुक्त रूप से किया। कैम्प में अमेरिका के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों द्वारा सर्जरी की जाएगी, जिसमें कटे फटे हॉट, पलकों की विकृति, कानों का टेड़ापन ,चेहरे के दाग, नाक व कान की बाहरी विकृति आदि की सर्जरी की गई। कैम्प में हरियाणा,दिल्ली,पंजाब व उत्तरप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से काफी पेशेंट ऑपरेशन के लिए आए है। राजीव जैन ने कैम्प में आए मरीजों ,उनके परिजनों व विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं से आए लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संजोग अस्पताल के निदेशक डॉक्टर संजय जैन व डॉक्टर जोगिंदर धनखड़ बेहद ही पुण्य का कार्य कर रहे है,उन्होंने अस्पताल में ये कैम्प लगवाकर बहुत बड़ा नेक कार्य किया है। भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि जिनके शरीर के अंग कटे या दूसरी तरह के होते उनसे समाज के कुछ लोग मुह फेर लेते है।

उक्त दोनों संस्थाओं के लोगों द्वारा नेक कार्य किया जा रहा ताकि उस व्यक्ति को उसका सही रूप दिया जा सकें। कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की भी यहीं दूरगामी सोच है देश व प्रदेश के हर नागरिक को सस्ता व बढ़िया इलाज मिल सके।

## उज्जायी प्राणायाम गले के रोगों को दूर करता है: सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारत** स्वाभिमान, पतंजलि योग समित्ति एवम आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कनिका पब्लिक स्कूल में लगाया जा रहा है। आज शिविर के छटे दिन भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोडा ने सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ मंत्रोउच्चारण के साथ करवाया। उन्होंने विशेषरूप से ओमइ शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि ओम तीन अक्षरों से मिलकर बना है। यह परमात्मा ईश्वर का निज नाम है। अ से अकार, उ से उकार और म से मकार, ये तीन सृष्टि,



स्थिति और संहारक के सम्पादक ब्रह्मा, विष्णु तथा रुद्र के वाचक हैं। उन्होनें गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, संगठन सूत्र, प्रार्थना मंत्र का शुद्ध उच्चारण सिखाया।

योगिंग जॉगिंग के 12 अभ्यास एवम सूर्यनमस्कार का अभ्यास योगा जिला सोशल मीडिया प्रभारी राज अरोडा एवम यॉग शिक्षिका उर्मिला पांचाल ने करवाये। मधुमेह और सरवाइकल स्पॉन्डिलाइटिस के भी अभ्यास सहजता से करवाये। सोम अरोडा ने बताया कि सर्दियों के मौसम में उज्जायी प्राणायाम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस प्राणायाम से गले के विकारों का नाश होता है जैसे थाइरॉइड, गले की खिंच खिंच, हकलाना तुतलाना आदि में यह प्राणायाम सहायक है। विशेष आमंत्रित अतिथि बहन दिव्या आर्या ने वैदिक भजन से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि महिला एक नहीं दो-दो घरों को पूरी जिम्मेदारी से संभालती हैं इसलिए वे पुरषों के समान नहीं, बल्कि उनसे बेहतर हैं।

इस अवसर पर राज अरोडा ने दिव्या आर्या का अंगवस्त्र के साथ स्वागत अभिनंदन किया तथा अदरक, अजवायन, तुलसी पत्ता आदि का काहडा प्रसाद रूप में वितरित किया। उन्होंने बताया कि इस सहयोग शिक्षक शिविर में 35 योग साधिकाएं भाग ले रही हैं, जिनमें अधिकतर कनिका पब्लिक स्कूल की अध्यापिकाएं हैं। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ अमित पुंज ने विशेष रूप से ध्यान अभ्यास कराया। इस अवसर पर जसप्रीत अरोडा, सुनील, वीना अरोडा, सुमन, सोनम, प्रियंका, पूनम, उर्मिला, ईशा, सोनिया, गीतू, सुनीता इत्यादि उपस्थित रहे।

## संयुक्त सचिव ने विकसित यात्रा के तहत ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/राई। केन्द्र व** प्रदेश सरकार की योजनाओं को पात्र व्यक्तियों को उनके घर द्वार पर सरलता से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव पलड़ी कलां, पलड़ी खुर्द तथा फतेहपुर पहुंची, जहां आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे भारत सरकार में संयुक्त सचिव सी श्रीधर ने उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से फीडबैक लिया कि उन्होंने किस योजना का लाभ उठाया है और योजना का लाभ



लेने में उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं हुई और यह लाभ लेकर आप कैसा महसूस कर रहे है।इस मौके पर सीईओ जिला परिषद डा. सुशील कुमार, पद्म श्री अवार्डी कवंल सिंह चौहान, बीडीपीओ जितेन्द्र चौहान, राई से ब्लॉक समिति के चैयरमैन प्रदीप सबोली, मुरथल ब्लॉक समिति के चेयरमैन संजय कुमार, नंदकिशोर, संजय छत्तेहरा, राजेन्द्र सैनी, नरेन्द्र जांगड़ा, नरेन्द्र भारती, गांव पलड़ी खुर्द के सरपंच मोहन किशोर आदि मौजूद थे। सौलर ऊर्जा तथा प्राकृतिक खेती को दिया जा रहा है बढ़ावा

पर्यावरण संरक्षण और देश की बिजली आपूर्ति को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा सौलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इन कार्यक्रमों के तहत सामान्य नागरिकों, उद्योगपतियों तथा किसानों को सौलर प्लेट लगवाने के लिए सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है।

## संपादकीय

# अयोध्या के हनुमान

**जाने-माने** पत्रकार भानुप्रताप शुक्ल ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में एक राज खोला। वह यह कि उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक गुरुजी गोलवलकर से एक दिन पूछ ही लिया कि 'आपकी आयु तो अब निश्चित हो गयी है तो फिर आपके बाद हिन्दुत्व का कार्य कौन करेगा?' इस प्रश्न पर वे एक क्षण शांत रहे। फिर बोले कि 'मैं अदृश्य रह कर यह कार्य करता रहूंगा।' उनके इस उत्तर से भानुप्रताप शुक्ल की जिज्ञासा शांत नहीं हुई इसलिए पुनः पूछा कि 'हमें दृश्यमान कौन दिखाई देगा?' इस पर उन्होंने धीरे से कहा-'अशोक सिंघल।' यह 1972 की बात है। गुरुजी गोलवलकर लखनऊ आए हुए थे। उससे पहले उनके कैंसर का ऑपरेशन हो गया था। भानुप्रताप शुक्ल उनकी सेवा में थे। तभी यह वार्ता हुई थी। जिसे उन्होंने अपने मन में ही रखा था। जब उन्हें लगा कि वे चंद दिनों के ही मेहमान हैं तब इसे एक दिन उजागर किया। वे अशोक सिंघल के पास पहुंचे। यह बात बताई। जो अज्ञात- सी रही है। अशोक सिंघल के निधन के बाद उसे एकल अभियान के प्रणेता श्याम गुप्त ने एक संस्मरण में लिखकर उजागर किया है। अगर वे इसे न लिखते तो यह रहस्य ही बना रहता। ऐसी स्थिति में सिर्फ यही पता होता कि एक समय ऐसा भी आया था जब वे प्रचारक जीवन से अलग होकर वेदों के प्रचार-प्रसार में लगना चाहते थे। इसी आशय का पत्र उन्होंने गुरुजी गोलवलकर को लिखा था। जिसके उत्तर में उन्होंने सलाह दी थी कि 'आप अपनी अंतःप्रेरणा के अनुकूल कार्य में संलग्न हों।' अशोक सिंघल ने अनुमति मांगी। उन्हें सरसंघचालक ने अनुमति दे दी। इसके बावजूद वे संघ कार्य में बने रहे। कैसे? इसकी भी एक कहानी है। उन्हें भाऊराव देवरस ने समझाया। कहा कि 'तुम्हारे निर्णय पर मुझे आश्चर्य है। अरे भाई, संघ कोई व्यसन है, जो छोड़ा जा सकता है? संघ तो विचार है। विचार कभी छूटता नहीं। उसमें आपका योगदान उतना न हो पाए, यह अलग बात है। पर आप संघ से मुक्त हो जाएंगे, यह संभव ही नहीं है। इसलिए चिंता किस बात की।' कुछ इसी तरह की सलाह उन्हें पंडित रामचंद्र तिवारी ने दी। जिन्हें अशोक सिंघल अपना गुरु मानते थे। उन्होंने कहा था कि 'एक लक्ष्य प्राप्ति के लिए दूसरे मार्ग से जाकर क्या अंतर पड़ जाएगा?' ऐसे परामर्श पर उन्हें गहन आत्मचिंतन करना पड़ा। उसका ही परिणाम था कि अशोक सिंघल ने निर्णय किया-संघ कार्य ही उनके लिए श्रेष्ठ है। उसके बाद 'वे अधिक स्फूर्ति, शक्ति और चेतना के साथ संघ कार्य में जुट गए थे।' लेकिन वेद प्रचार के लिए भी सक्रिय रहे। वैदिक यज्ञ में उन्हें अपार शांति मिलती थी। इसे बहुत बार उन्होंने जब-तब बातचीत में बताया है। 1964 की घटना है। वे वैदिक यज्ञ में एक पखवाड़े शामिल हुए। जहां उन्हें अनुभव हुआ कि सबकुछ छोड़कर यही कार्य करना चाहिए। उन्हें सहसा जो भान हुआ वह उनकी गहरी संवेदनशीलता का परिचायक है। इस प्रसंग से उनके व्यक्तित्व का एक अचर्चित प्रश्न सामने आता है। इससे यह बात भी निकलती है कि समाज-सेवा के लिए समर्पित हर श्रेष्ठ व्यक्ति के जीवन में कभी-न-कभी ऐसा कोई क्षण आता अवश्य है, जब वह सहज मानवीय मनोद्वेलन में अपने कार्य और लक्ष्य के प्रति कभी-कभी स्वयं ही संदिग्ध हो उठता है। ऐसे समय में सही परामर्श से वह व्यक्ति अपनी नियति से चाहे अनचाहे साक्षात्कार कर लेता है। ऐसा ही एक क्षण अशोक सिंघल के जीवन में आया था।

# परीक्षा पे चर्चा छात्रों को तनाव से मुक्ति का माहौल बनेगा

**किशन**

> “ लाखों लोग पीछे रह जाते हैं। लेकिन अगर हम डर के कारण कदम ही न रखें तो उससे बुरा कुछ नहीं। हमेशा अपने अंदर के विद्यार्थी को जीवित रखें। जीवन जीने का यही मार्ग है, नया-नया जानना। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का सशक्त माहौल देता है।परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 के एतिहासिक रिकॉर्ड बनाने की संभावना-पंजीकरण की 12 जनवरी 2024 अंतिम तारीख। देशभर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साहजनक माहौल है ”

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां के हर देश के छात्रों के लिए जो अनेक शिक्षा क्षेत्र में अध्यनरत हैं, अनेकों के लिए चिंता मुश्किल व सोचनीय स्थिति तब उत्पन्न हो जाती है जब उनके जीवन पर असर डालने वाले बोर्ड की परीक्षाओं का पल सामने आता है। यह एक ऐसी घड़ी होती है कि अच्छे-अच्छे होशियार छात्र भी उम्मीद के विपरीत स्थिति महसूस करते हैं, या यू कहें कि परीक्षा के प्रति उनकी घबराहट चिंता ही कभी-कभी असफलता का कारण बन जाती है, इसलिए तो हमारे माननीय पीएम महोदय ने 7 वर्ष पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा पे चर्चा, सहजता ग्रहण करने परीक्षा पर चर्चा की शुरूआत की गई थी जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। 29 जनवरी 2024 को होने वाले इस कार्यक्रम में रिकॉर्ड एक करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, जो 12 जनवरी 2024 तक अभी चलते रहेंगे।उल्लेखनीय है कि इस सातवें संस्करण के लिए 11 दिसंबर 2023 से इसके रजिस्ट्रेशन शुरू हुए थे, जिसमें छात्र अभिभावक और शिक्षकगण बहुत बड़ी मात्रा में तेजी से रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं, जो अभी से ही इतनी विशाल संख्या में रजिस्टर्ड हो चुके हैं, जिसके और बढ़ाने की संभावना है जो एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनेगा। इसीलिए ही परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की ओर हितग्राहियों का झुकाव वह इसकी लोकप्रियता का अंदेशा लगाया जा रहा है, उससे कहीं अधिक होने की उम्मीद है। क्योंकि पिछले छह संस्करणों में छात्रों शिक्षकों व अभिभावकों को इस कार्यक्रम से अनेक फायदे और संतुष्टि का एहसास हुआ है। चूंकि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का माहौल देता है, इसलिए आज हमपीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश भर के छात्रों अभिभावकों शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

साथियों बात अगर हम परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2024 को समझने की करें तो, इस वर्ष कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में



आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 4000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल?प प्रश?नोत?तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माइगोव पोर्टल पर लाइव है। 5 जनवरी, 2024 तक, 90 लाख से अधिक छात्र, 8 लाख से अधिक शिक्षक और लगभग 2 लाख अभिभावक यानी एक करोड़ से ऊपर प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। पीएम के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा 2024 के 7वें संस्करण के लिए, अब तक मायगोव पोर्टल पर 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दशार्ता है। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने और पीएम के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत?साह है। प्रधानमंत्री ने इस अनूठे कार्यक्रम - परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल?पना की है - जिसमें देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले छह वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त वातवरण बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बड़े आंदोलन -एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो प्रधानमंत्री के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने के प्रयासों से प्रेरित है ताकि एक ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जा सके जहां प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व का उत?सव मनाया जाए, प्रोत्साहित किया जाए और आत?माभि०?यक्ति की अनुमति दी जाए। प्रधानमंत्री की सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स इस पहल को प्रोत?साहित कर रही है। लगभग 2050 प्रतिभागियों का चयन मायगोव पोर्टल पर उनके प्रश्नों के आधार पर किया जाएगा। उन्हें एक विशेष परीक्षा पे चर्चा किट प्रदान की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी में एग्जाम वॉरियर्स और एक प्रमाण पत्र शामिल होगा। 12 जनवरी (विवेकानंद के जन-?म दिवस) 2024 यानी युवा दिवस से शुरू होकर 23 जनवरी (सुभाष चंद्र बोस के जन-?म दिवस) 2024 तक मुख्य कार्यक्रम के अग्रदूत के रूप में, स्कूल स्तर पर विभिन-?न गतिविधियों काआयोजन किया जाएगा जिनमें मैराथन दौड़, संगीत प्रतियोगिता जैसी आनंददायक सीखने की गतिविधियाँ शामिल होंगी। इनमें मीम प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, छात्र-एंकर-छात्र-अतिथि चर्चा आदि शामिल हैं। आखिरी दिन, 23 जनवरी 2024 यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की जयंती पर, देश भर के 500 जिलों में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए चंद्रयान, भारत की खेल सफलता आदि विषय शामिल होंगे - जो दिखाते हैं कि परीक्षाएं कैसे जीवन का उत्सव हो सकती हैं।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के पिछले एपिसोड में विचारों की करें तो उन्होंने कहा था, 30-40 साल बाद गर्व होगा पीएम ने आखिर में कहा, था आज जो मेरे सामने हैं, वो नया भारत हैं। 2047 में भारत जब आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो आपके पास नेतृत्व होगा। आज से 30-40 साल बाद जब सफलता को चूमेंगे और मैं अगर जीवित रहूंगा तो गर्व से कहूंगा कि यह वही लोग हैं जिनका मुझ जनवरी को दर्शन करने का सौभाग्य मिला था। मैं गर्व करूंगा कि जब आपके हाथ में देश का नेतृत्व होगा। संतोष होगा कि इनसे मैंने बात की थी। परीक्षा जिंदगी नहीं है, परीक्षा जिंदगी में महज एक मुकाम है। आप में से बहुत से लोग हैं, जिन्हें शायद यहां मौका नहीं मिला। मैं उनसे क्षमा चाहता हूं। पीएम ने कहा था, जीवन में हर किसी को कुछ न कुछ जिम्मेदारियां निभानी होती हैं। अगर आप किसी की देखादेखी में कोई काम करते हैं, तो बहुत निराशा हाथ लगेगी। अगर अपने मन का काम करेंगे, तो मजा आएगा। जिंदगी में अगर एकाध एंट्रेंस में रह गए तो क्या। लाखों लोग पीछे रह जाते हैं। लेकिन अगर हम डर के कारण कदम ही न रखें तो उससे बुरा कुछ नहीं। हमेशा अपने अंदर के विद्यार्थी को जीवित रखें। जीवन जीने का यही मार्ग है, नया-नया जानना। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम छात्रों को तनाव से मुक्ति का सशक्त माहौल देता है।परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी 2024 के एतिहासिक रिकॉर्ड बनाने की संभावना-पंजीकरण की 12 जनवरी 2024 अंतिम तारीख।देशभर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों में परीक्षा पे चर्चा के प्रति व्यापक उत्साहजनक माहौल है।

## कविता

### अपना लिया है गम बड़ी खुशी से

अपना लिया है गम बड़ी खुशी से,
दास्तान ए उल्फत कहते नहीं किसी से।

राहें कांटे भरी हैं तो क्या हुआ दोस्त,
रहते हैं आंखों में ख्वाब मलमली से।

मिलती नहीं किसी को गमों से फुर्सत,
फिर भी नहीं कभी शिकवा जिंदगी से।

दरवाजे पर आकर दर्शन जरा सा देना,
निकले मेरा जो जनाजा आपकी गली से।

हर कोई चाहता संजीव मुफ्त की दौलत,
लोग इस तरह है, बेजार मुफलिसी से।

संजीव ठाकुर

## जेईई मेन कंप्यूटर आधारित मॉक टेस्ट के लाभ

**विजय गर्ग**

**मॉक टेस्ट** बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह आईआईटी जेईई उम्मीदवार के वास्तविक प्रदर्शन को प्रदान करेगा। यह उन छात्रों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है जो पहली बार कंप्यूटर आधारित परीक्षा का सामना कर रहे हैं। यहां नीचे जेईई मेन कंप्यूटर-आधारित मॉक टेस्ट के कुछ सूचीबद्ध लाभ दिए गए हैंः अपने ज्ञान की गहराई को जानने में मॉक टेस्ट आपको यह जानने में मदद करते हैं कि आप किन क्षेत्रों में कमजोर हैं और कौन सी चीजें आप नहीं जानते हैं। यह छात्रों की बुनियादी अवधारणाओं को जल्दी से स्पष्ट कर देगा और उन्हें परीक्षा के लिए अधिक कुशलता से तैयारी करने में सक्षम बनाएगा। प्रयास करने से छात्र परीक्षा के वास्तविक पैटर्न और प्रक्रिया तथा परीक्षा पूर्व तैयारी को समझ जायेंगे। समय प्रबंधन समय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक नियमित प्रकार की चीज है जो आम तौर पर हम सुनते हैं जैसे कि किसी ने प्रश्नों का उत्तर जानने के बावजूद प्रश्न छोड़ दिया है। मॉक टेस्ट से समय प्रबंधन को जानने में मदद मिलेगी जैसे कि किस प्रश्न को पहले हल करने की आवश्यकता है, प्रश्न को हल करने के लिए क्या होना चाहिए या प्रश्न को हल करने के लिए उपयुक्त गति क्या होगी ताकि सभी प्रश्नों को दिए गए समय के भीतर कवर किया जा सके। सीमा. विषयवार अवधारणा को ट्रैक करता है मॉक टेस्ट विषयवार अवधारणाओं का पता लगाने में मदद करेंगे और आपको अपने कमजोर क्षेत्रों के बारे में बताएंगे और उन विशिष्ट विषय/विषयों का चयन करने में मदद करेंगे जिन्हें अधिक बार संशोधित करने की आवश्यकता है। यह परीक्षा की तैयारी की आपकी समय-समय पर प्रगति को भी ट्रैक करेगा। वास्तविक परीक्षण वातावरण मॉक टेस्ट आपको परीक्षा की चिंता को दूर करने के लिए वास्तविक परीक्षण वातावरण के आदी होने में मदद करते हैं, परीक्षा अवधि के दौरान आपकी शारीरिक क्षमता में सुधार जैसे बैठने की शक्ति, एकाग्रता शक्ति, स्मरण शक्ति, गति और सटीकता में वृद्धि आदि में सुधार करते हैं। कंप्यूटर आधारित परीक्षा की आदत मॉक टेस्ट आपको कंप्यूटर आधारित टेस्ट के बारे में जानकारी देता है। परीक्षा के दौरान कुछ चीजें जैसे 'हर प्रश्न के साथ स्क्रीन बदल जाती है' आदि, उम्मीदवार की एकाग्रता में कुछ गड़बड़ी पैदा कर सकती हैं। मॉक टेस्ट के बाद विश्लेषण मॉक टेस्ट देने का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा टेस्ट के बाद विश्लेषण करना है। विश्लेषण के बिना मॉक टेस्ट का प्रयास करना पूरी तरह से समय की बबादी है। यहां नीचे एक नमूना है जिसके माध्यम से आप मॉक टेस्ट में अपने प्रदर्शन का विश्लेषण कर सकते हैं। सही और आत्मविश्वास से उत्तर दिया गयाः जिन विषयों से प्रश्नों का उत्तर सही अवधारणाओं के साथ दिया गया है। सही उत्तर दिया गया लेकिन आत्मविश्वास से नहींः जिन विषयों से प्रश्नों का उत्तर दिया गया है।

## विचार

# अखंड आस्था का प्रतीक श्री राम मंदिर

**डा मनमोहन प्रकाश**

करोड़ों भारतीयों के श्रीराम मंदिर निर्माण के संकल्प को सिद्धि में बदलने के कारण इस समय भारत के जन जन की आत्मा और शरीर श्रीराम मय दिखाई देते हैं। समाचार के प्रिंट मीडिया से लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक सभी जगह श्रीराम और उनके लिए बनते भव्य राम मंदिर की चर्चा है। सभी शहरों और गांवों की भी कमोवेश यही स्थिति है। जगह-जगह श्री राम के मंदिर प्रवेश में स्वागत के लिए पूजा-पाठ,हवन,

संकीर्तन,राम यात्रा और जय श्री राम के नारों का जोर है, होर्डिंग की भरमार है,भगवा पताकाएं लहरा रही हैं।साधु-संतों, ऋषि-मुनियों को ऐसा लग रहा है जैसे कि उनकी वर्षों की तपस्या, पूजा-अर्चना सफल हो रही है - उनके श्रीमुख से श्री राम के चरित्र का गुणगान हो रहा है, देश की एकता, अखंडता, सम्मान और रामराज्य के लिए आशीष वचन निकल रहे हैं। देश के माहौल को देख कर लगता है कि भारत के अधिकांश लोगों का सपना साकार हो रहा है,वह आज गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि उनके अराध्य प्रभु श्री रामलला सैंकड़ों वर्ष बाद टेंट का आवास खत्म कर पुनः भव्य मंदिर की ओर लौट रहे हैं। यह मंदिर भूकंप रोधी होने के साथ-साथ विकसित भारतीय आर्कीटेक्चर का नायब नमूना है जिसमें स्वयं सूर्य भगवान अपनी किरणों के माध्यम से श्री राम का अनुपम अभिषेक करने वाले हैं। इस मंदिर की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके निर्माण में सभी राज्यों की श्रम या सामाग्री के रूप में भागीदारी है। इतना ही नहीं हिन्दू के अतिरिक्त कई धर्मों के लोगों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान और सहयोग है।इस प्रकार यह मंदिर सर्वधर्म समभाव का भी प्रतीक है।इसके निर्माण में लगने वाले अर्थ में भी करोड़ों लोगों का अंश शामिल है। इस मंदिर निर्माण के लिए की गई देश- विदेश में प्रार्थना और दुआओं की तो गिनती भी असंभव है।इस दृष्टि से विश्व में अयोध्या के श्रीराम मंदिर जैसा शायद ही कोई ऐसा पूजा स्थल हो जिसके निर्माण में इतने लोगों की सहभागिता हो। निश्चित रूप से इस मंदिर के पूर्ण आकार लेने पर, दर्शनार्थियों के लिए खोले जाने पर भारत में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श चरित्र, सनातन धर्म, संस्कार और संस्कृति के माध्यम से रामराज्य की स्थापना को बल मिलेगा। राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की श्रीराम के प्रति आस्था और समर्पण का प्रतीक बनेगा। राम मंदिर भारतीयों के लिए क्या मायने रखता है इसका प्रमाण अयोध्या और देश में बदली आबो-हवा से लगाया जा सकता है । अभी तो राममंदिर का काम पूरा भी नहीं हुआ है,आम जनता के लिए मंदिर को खोला भी नहीं गया हैं,फिर भी लाखों की संख्या में धर्म और पर्यटन प्रेमी जनता अयोध्या की ओर रुख कर रही है, अयोध्या की माटी को मस्तिष्क से लगा रही है, प्रणाम कर रही है। क्या खास और क्या आम हर व्यक्ति की इच्छा है कि वह राममंदिर में श्री रामलला के विराजित होने के क्षण को अपनी आंखों में कैद कर सकें । एक प्रश्न बार-बार उठाया जा रहा है या यूं कहें श्रीराम को ना मानने वालों, काल्पनिक समझने वालों की ओर से उठाया जाता है कि भारत में भगवान श्री राम सहित विभिन्न देवी देवताओं के पहले से ही सैकड़ों मंदिर अस्तित्व में है ,एक और राम मंदिर के निमार्ण से क्या बदलाव होने वाला है? क्या यह धन का अपव्यय नहीं है? क्या इस धन को चिकित्सा सुविधा को बढ़ाने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता था? यहां प्रश्न कताओं से प्रतिप्रश्न है कि जब कुछ राजनेताओं की मूर्तियां जगह-जगह ,बार-बार लगाई जाती है उस समय यह प्रश्न क्यों नहीं उठता ?अब जब यह सिद्ध हो गया है श्रीराम काल्पनिक नहीं है,भारत में श्रीराम ने अयोध्या में ही जन्म लिया है तो फिर वहां मंदिर क्यों नहीं? भारत में श्री राम ईश्वरीय शक्ति का स्वरुप है, सत्य का प्रतीक है,आदर्श मानव और आदर्श प्रजा पालक राजा (शासक) का उदाहरण हैं।आपका चरित्र आदर्श नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित हैं ।आपका सनातन धर्म के प्रति आदर और सम्मान, अपने परिवार और राष्ट्र के प्रति समर्पण, सम्मान और कर्त्तव्यनिष्ठा सराहनीय हैं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# शर्मिला के कांग्रेस प्रवेश के होंगे दूरगामी परिणाम

**पहले** कर्नाटक फिर तेलंगाना में चुनावी सफलताएं हासिल करने के बाद अब दक्षिण भारत के एक और महत्वपूर्ण राज्य आंध्रप्रदेश में कांग्रेस के हाथ बड़ी बाजी लगी है जब वहां वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक वाईएस शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया है। वे आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वहां के वर्तमान मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं। गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी आदि की उपस्थिति में कांग्रेस में प्रवेश करने वाली शर्मिला ने ही 2012 में जगन मोहन की अनुपस्थिति में अपनी मां के साथ अपनी पार्टी की कमान सम्हाली थ। बाद में भाई को प्रदेश की सत्ता में बैठाने की वे ही सूत्रधार थीं। 2019 के विधानसभा चुनाव में जगन मोहन की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को 175 सीटों वाली विधानसभा में 151 निर्वाचन क्षेत्रों में सफलता मिली थी। 2021 में शर्मिला ने वाईएसआर तेलंगाना पार्टी बना ली थी। आंध्र प्रदेश के साथ अलग हुए तेलंगाना में भी उनकी पार्टी की उपस्थिति तो है परन्तु पिछले साल नवम्बर में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया था जिससे कांग्रेस की विजय आसान हो सकी। शर्मिला का कांग्रेस में शामिल होना केवल इसलिये महत्वपूर्ण नहीं है कि उन्होंने भाई से अलग राह पकड़ी। उसकी महत्ता इस लिहाज से आंकी जानी चाहिये कि उन्होंने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की तत्कालीन सरकार को भ्रष्ट बतलाया था। राव सरकार को भ्रष्टाचार के मामले में कोसने के बाद यदि शर्मिला कांग्रेस में शामिल होती हैं तो वे कांग्रेस को अप्रत्यक्ष रूप से साफ छवि का बतला रही हैं। याद हो कि शर्मिला ने राव सरकार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन किये थे। उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। माना जाता है कि उनके कार्यकर्ताओं ने पिछले तेलंगाना चुनावों में कांग्रेस को परोक्ष रूप से मदद भी की थी। इससे दोनों दलों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने भी शर्मिला की पार्टी के कांग्रेस में विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## उड़ गए तोते

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पत्नी** की बातें सुन गजानन कुछ देर के लिए चुप रहा। वह कहे तो भी क्या कहे। शादी के शुरूआती दिनों में थोड़ा-बहुत मुँह खुलता था। लेकिन पत्नी के परिजनों की बहुमत के सामने इनके तोते विपक्षी दल की तरह उड़ जाते थे। पहले पहल बहुत सी शिकायतें की। कोई लाभ नहीं हुआ। उल्टे लोगों के ताने-उलाहने सुनने पड़े। किसी ने कहा इतने दिनों तक कुँवारे बैठे रहे। जैसे-तैसे शादी हुई तो मीनमेख निकालने लगे। नई सरकार को सत्ता संभालने के लिए भी जनता पाँच साल देती है। क्या तुम कुछ दिन अडजस्ट नहीं कर सकते। तुम बड़े किस्मत वाले हो जो तुम्हारी शादी हो गई। वरना आज के दिनों में अच्छी लड़की और सरकार भला किसी को मिलती है? यही सब कुछ कह-कहकर गजानन को लोगों ने पत्नी पुराण महिमा के नीचे ऐसा धर दबोचा कि किसी के सामने उनकी बोलती खुलना तो दूर सोचने से भी उनके रोंगटे खड़े हो उठते हैं। पत्नी के बार-बार पति के मन की बात पूछने की चेष्टा ने इस बार गजानन को झकझोर दिया था। बहुत दिनों तक सत्ता से बेदखल विपक्ष की कुबुलाहट उनके भीतर दिखी। एकदम से उठे और बोले- देखो भाग्यवान! प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं, तो उनके पास मन भी होता है। मैं तो अपना मन कब का मार चुका हूँ। शेक्सपियर ने कहा था कि एक अच्छा जोड़ा वही होता है जिसमें पत्नी अंधी और पति बहरा हो। न पत्नी कुछ देखेगी, न कुछ बोलेगी। यदि बोल भी देती है तो पति तो पहले से बहरा है। वह खाक सुनेगा। मैं भी कुछ उसी तरह का हूँ। तुम कुछ भी बोल देती हो उसे मैं ऐसे सुनता हूँ जैसे मैंने कुछ सुना ही नहीं।

प्रधानमंत्री अपनी मन की बातें मनवाने के लिए सीबीआई, ईडी, सेना, जाँच अधिकारियों की बड़ी खेप रखते हैं। मेरे पास क्या है? मन की बात मनवाने के लिए ताकत होनी चाहिए, जो कि मेरे पास नहीं है। दुनिया में जीने के दो ही तरीके हैं। एक जो गलत हो रहा है उसके खिलाफ आवाज उठाओ। उसके लिए हाथ में सत्ता होनी चाहिए। जो कि मेरे पास नहीं है। दूसरा तरीका है जो कुछ गलत हो रहा है उसे होने दो। चुपचाप पड़े रहने दो।

## न्यूज फ्लैश

### सोनीपत की महिलाओ ने बिंदल को दिया समर्थन



**सोनीपतः सोनीपत की** महिलाओं ने दिया अमित बिंदल को अपना पूर्णतया समर्थन और विश्वास दिलाया की जिस तरह मध्य प्रदेश में शिवराज चौहान जी को सभी बहनों ने अपना भाई बना करके साथ दिया सहयोग किया और उनको विजय दिलवाई इस तरह आने वाले वक्त पर सोनीपत की सभी बहने बिंदल का साथ देगी अपना भाई बनकर सभी बहनों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों में आस्था जताई। 2024 में फिर से मोदी जी को लाना है ऐसा हमने संकल्प लिया है। आज पूरा हरियाणा ही नहीं भारतीय जनता पार्टी के जनहित कार्यों से पूरा देश आज भाजपा के साथ है भाजपा के समर्थन में है।

### सिरसा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा एक संकल्प के तौर पर निकली है ताकि अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने गांव जौरासी खालसा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया और उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ भी दिलवाई। मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक जरूरतमंदों को मजबूत नहीं करेंगे तब तक भारत विकसित नहीं होगा। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं के लाभ लेने के लिए जहां रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं, वहीं मौके पर ही मेडिकल चेकअप की सुविधा भी निशुल्क रूप से उपलब्ध कराई गई है ताकि लोग अपने मेडिकल टेस्ट भी फ्री में करवा सके। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री किसान निधि सम्मान योजना के तहत किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। यही नहीं उज्वला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाया जा रहा है ताकि वे धुएं से मुक्त हों। इन योजनाओं का लाभ पाकर सभी पात्र लोग केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थी बना रहे हैं और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आज भारत देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन रहा है जो हम सबके लिए गर्व की बात है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है। इस मौके पर एसडीएम समालखा अमित कुमार भी उपस्थित रहे।

### सुखदेव नगर रोड व असंध रोड से हटावाया अतिक्रमण

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुॅलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में शहर को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत शनिवार को दूसरे दिन ट्रैफिक पुलिस टीम ने सुखदेव नगर रोड व असंध रोड से अतिक्रमण हटवाया।

शहर यातायात ईस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास व वेस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रणबीर मान ने टीम ने साथ सुखदेव नगर मोड़ से सलारगंज गेट तक व लाल बत्ती चौक से असंध रोड पर अनेजा पेट्रोल पंप तक दुकानों के बाहर अवैध तरिके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत देकर दोनों तरफ फुटपाथ पर रखे सामान व खड़े वाहनों को हटवाया गया। इस दौरान फुटपाथ व रोड पर अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से खड़े 66 वाहनों के चालान भी किये गए व अतिक्रमण कर रखे फ्लेक्स बोर्ड इत्यादि सामान को जब्त किया गया।

यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश सैनी ने बताया कि उक्त दोनों रोड पर दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर काफी दुर तक फुटपाथ पर सामान रखकर व रेहड़ी वाले सड़क पर रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण करते है।

काफी सारे लोग सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से गाड़ी खड़ी कर खरीददारी करते है। इससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है और आने जाने वाले राहगिरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सड़कों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न ही सड़क को अवरूध करें। शहर को जाम मुक्त करने में जिला ट्रैफिक पुलिस को सहयोग करें।उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटवाने के साथ ही दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत दी गई है कि वे फुटपाथ व सड़क पर अतिक्रमण न करें। दोबारा अतिक्रमण करने पर निवारक कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी इसके साथ ही सभी मार्केट में अपील की गई है की वे शहर को जाम मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। जिला पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। शहर के सभी रोड़ से अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

# 'बीते वर्ष नशा तस्करी में 68 को सजा हुई'

## नशा तस्करी के 122 अभियोग दर्ज कर 193 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया, नशे के खिलाफ चलाए अभियान के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले; एसपी अजीत सिंह शेखावत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पानीपत पुलिस नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाए हुए है। इसके साथ ही माननीय न्यायालय में जिला न्यायावादी के सहयोग से मजबूत पैरवी कर नशा तस्करी के आरोपियों को सजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। बीते वर्ष नशा तस्करी के 47 मामलों में 68 आरोपियों को कारावास व जुमार्ना राशि की सजा हुई। माननीय न्यायालय द्वारा इनमें 11 आरोपियों को 15-15 साल की सजा व डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुमार्ना, 10 आरोपियों को 10-10 साल सजा व 1-1 लाख रुपए जुमार्ना, 1 आरोपी को 8 साल सजा व 75 हजार रुपए जुमार्ना, 1 आरोपी को 6 साल सजा व 25 हजार रुपए जुमार्ना, 2 आरोपियों को 5-5 साल सजा व 10-10 हजार रुपए जुमार्ना, 8 आरोपियों को 4-4 साल सजा व 25-25 हजार रुपए जुमार्ना, 8 आरोपियों को 3-3 साल सजा व 25 से 30 हजार रुपए जुमार्ना, 7 आरोपियों को 2-2 साल सजा व 10 से 20 हजार रुपए जुमार्ना, 7 आरोपियों को 1-1 साल सजा व 10 से 20 हजार रुपए जुमार्ना, 13 आरोपियों को 6-6 महिने की सजा व 5 से 20 हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया है।

**193 नशा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल; जिला पुलिस** द्वारा इसके साथ ही बीते वर्ष मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 122 अभियोग दर्ज कर 193 नशा तस्करों को लाखों रुपए कीमत के मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। जिनसे 419 किलो 38 ग्राम गांजा, 230 किला, 340 ग्राम पोपी हस्क, 13 किलो 198 ग्राम चरस, 23 किलो डोडा, 11 किलो 601 ग्राम अफीम, 113 ग्राम हेरोइन, 140 ग्राम स्मैक, व नशीले प्रतिबंधित 678 इंजेक्शन, 360 गोलियां व 68 केप्सूल बरामद किए गए।

**नशे के खात्मे के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर अहम योगदान देना होगाः** नशे के खिलाफ मुहिम में विशेष कार्य किये जा रहे है;

जिला पुलिस नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम में विभिन्न संगठनों का सहयोग लेकर कार्य कर रही है। जो लोग नशे की गर्त में है उनको चिन्हित कर इससे बाहर निकालने के लिए सिविल सर्जन के सहयोग से डी एडिक्शन में कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे है। इसी के तहत सिविल अस्पताल के डी एडिक्शन सेंटर में 192 लोगों की काउंसिलिंग करवा कर नशे की लत को खत्म करने के लिए दवा दिलवाई गई है। इसके साथ ही गिरफ्तार नशा तस्करों की नशे की काली कमाई से अर्जित की गई प्रापर्टी को चिन्हित किया जा रहा है। संपति को अटेच करने की प्रक्रिया भी पुलिस द्वारा अमल में लाई जा रही है। जीटी रोड पर टोल प्लाजा के पास से झुग्गी झोपड़ी को हटवाया गया। यहा पर नशा बेचने का अवैध काम किया जा रहा था।

इसके साथ ही नशा बेचने वालों के अड्डो को चिन्हित कर नशे की काली कमाई से बनाए गए उनके अड्डो को धवस्त करने का काम भी किया जा रहा है।

सभी थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्ज को इस संबंध में विशेष रूप से निर्देश दिए गए है।

## एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत के प्रांगण में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह का आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एनएसएस के जिला समन्वयक अधिकारी सुनील मलिक रहे तथा विशिष्ट अतिथि हसला प्रधान अजेन्द्र कुण्डु रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार, संगीत अध्यापक प्रमोद चोपड़ा व प्रवक्ता प्रवीण वर्मा द्वारा पुष्पकुंज देकर स्वागत किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने शिविर की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि सुनील मलिक ने कहा कि शिक्षा का परम उद्देश्य बालक का सर्वांगीण विकास करना है। यह विकास तभी सम्भव हो सकता है जब उन्हें अच्छे वातावरण में रखा जाय। यह वातावरण ऐसा हो जिसमें बालक की वंशानुक्रमीय विशेषताओं का सही प्रकाशन हो सके। बालक का मानसिक विकास केवल बुद्धि से ही निश्चित नहीं होता है। उसमें बालक की ज्ञानेन्द्रियाँ, मस्तिष्क के सभी भाग, ग्राह्य तथा मानसिक क्रियाएं आदि शामिल होती हैं। इसलिए बालक वंश से जो कुछ लेकर पैदा होता है।

## टोल प्लाजा पर धुंध से गुजरते वाहनों पर लगाया रिफ्लेक्टर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

**जिला एवं** सत्र न्यायधीश सुदेश कुमार शर्मा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रतीक जैन ने सुबह जी.टी.रोड स्थित टोल प्लाजा पर पहुंचकर धुंध से गुजरते वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। जिला एवं सत्र न्यायधीश सुदेश कुमार शर्मा ने बताया कि धुंध को देखते हुए ये रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं ताकि घने कोहरे में दुर्घटनाओं से बचा जा सके और घने कोहरे में आने वाले वाहन को दूर से ही देखा जा सके। जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि की संभावना कम हो जाती है। उन्होंने वाहन चालकों को रात में घने कोहरे में सफर करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने वाहन चालकों से अनुरोध किया कि कोहरे में ज्यादा जरूरी होने पर ही सफर करें तथा वाहनों से उचित दूरी बनाकर रखें। फॉग लाइट्स व इंडीकेटर्स को लगातार ऑन रखना चाहिए। इसके साथ.साथ लो.बीम पर हेड.लाइट्स के साथ ड्राइव करें क्योंकि हाई.बीम कोहरे में बैक रिफ्लेक्ट कर विजिब्लिटी को बाधित करती है। धुंध के दौरान लेन बदलने व ट्रैफिक क्रॉस करने से बचें। उन्होंने कहा कि विजिब्लिटी बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सडक पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं।

वहीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रतीक जैन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे वाहनों की गति सीमा नियंत्रित रखे व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें। उन्होंने कहा की लोगों को अपने वाहनों को मुख्य सडक पर पार्क नहीं करना चाहिए।

इसके विपरीत वाहनों के इंडीकेटर्स को ऑन कर ले, बाई या मेन रोड से दूर वाहनों को पार्क करें। वाहन चालक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंड स्क्रिन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ एडवोकेट रजनीश त्रेहन, एडवोकेट सविता आर्य और अन्य एडवोकेट भी मौजूद रहे।



## छात्रों को एनएसएस की अनेक गतिविधियों के बारे में जानकारियां दी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) मुरलीधर** डीएवी पब्लिक स्कूल मे एन एस एस के पांचवे दिन मुख्य अतिथि विजय कुमार (जिला एन एस एस समन्वयक) का विद्यालय के प्रधानाचार्य व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, जाने-डी) डॉ आर आर सूरी व कार्यकर्ता अधिकारी अलका सैनी व टीम सदस्यों ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर विद्यालय में स्वागत किया। विजय कुमार ने छात्रों को एन एस एस की अनेक गतिविधियों के बारे मे जानकारियाँ दी। इस वर्ष राज्य स्तरीय कैंप, यमुनानगर मे गए छात्र तोषार ने अपने अनुभव सबसे साँझा किये। एन एस एस की प्रेजिडेंट कनिष्ठा ने गत दिनों का सारा वृतान्त बताया। छात्रों द्वारा आत्मनिर्भर पर नुक्कड़ नाटिका दर्शाई गयी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर आधारित नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं छात्रों को सर्टिफिकेट तथा 100 -100 रुपए इनाम स्वरूप दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने एन एस एस की बेहतरीन सेवाएं देने के उपलक्ष्य मे डॉ आर आर सूरी को प्रशंसनीय पत्र प्रदान किया।



## '25 सालों में दुनिया भारत की ताकत का जलवा देखेगी'

**समालखाः विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को नुर पुर मुगला गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बीजेपी के वरिष्ठ नेता राज कुमार काली रामणा ने कहा की आने वाले 25 सालों में दुनिया मे भारत की ताकत का जलवा देखेगी। आज देश की पहचान ताकतवर देश के रूप में हो रही है। आज दुनिया के विकसित देश भारत की प्रगति को देखकर हैरान हैं। जो मुल्क भारत को दूसरी दृष्टि से देखते थे आज वे भारत की प्रगति से प्रभावित होकर नत-मस्तक तक हो रहे हैं। इन 10 सालो में देश आर्थिक रूप से जहां मजबूत हुआ हैं।

## महाविद्यालय में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संजू अबरोल ने की। इको क्लब प्रभारी सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इको क्लब के अंतर्गत एक जनवरी से 6 जनवरी 2024 तक एक घण्टा प्रत्येक दिन स्वेच्छिक सेवादान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सप्ताह सेवादान कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ तकदीर सिंह, पालेराम, अनिल माली, नवनीत कुमार, भगतसिंह, आँचल, सिमरन, खुशबू, राकेश आदि ने मुख्य रूप से हर्बल बॉटनिकल गार्डन मे सेवादान कार्यक्रम में भाग लिया।स्वच्छता अभियान के तहत हर्बल गार्डन में सूखे पत्तों को उठाकर जैविक खाद केंद्र में डाला गया व पौधों की नुलाई-गुड़ाई व सफाई की गई। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने विद्यार्थियों को जैविक पौधों की जानकारी देने के साथ कि औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला। ।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि इको क्लब के अंतर्गत हमारा उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करके जागरूक पर्यावरण प्रहरी बनाना है। इको क्लब के अंतर्गत अनेक विद्यार्थी महाविद्यालय में शिक्षा के साथ - साथ पर्यावरण संरक्षण के कामो में लगातार रुचि लेते हैं।।उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि ऐसे अच्छे अभियानो से सीख लेते हुए अपने महाविद्यालय व पानीपत जिले को सुंदर व साफ बनाना है।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आज** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सचिंद्र कोडा ने मुख्य अतिथि राजेंद्र भारद्वाज सेवानिवृत बीईओ व प्रधान हरियाणा योग आयोग का स्वागत किया । राजेंद्र भारद्वाज ने बताया कि सभी बच्चे देश की धरोहर हैं मनुष्य जीवन का उद्देश्य हमेशा दूसरों का भला करना होना चाहिए इसके लिए हमें खुद को इतना सामर्थ्यवान व सशक्त बनाना होगा। कि हम समाज में जाकर सेवा कर सकें । उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के बताएं मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि स्वस्थ बुद्धि के लिए सूर्य नमस्कार का कितना महत्व है इसके उपरांत कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ मनीष कुकरेजा ने सूर्य नमस्कार के 12 भागों का महत्व बताया।इसके पश्चात राजेश कुमार जनरल सेक्रेट्री हरियाणा योग आयोग ने सूर्य नमस्कार की बारीकियां को समझाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अनिल अत्री ने सभी सम्मानित अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर श बंशीलाल , राजेश कुमार, अनिल गुप्ता, सचिन चौधरी, सोमदत्त, अमर सिंह, श्रीमती शालू चौधरी, मनीष मेहंदीरत्ता मौजूद रहे।

## पीसीसी एकेडमी की 23वीं वर्षगांठ पर रंगारंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पीसीसी एकेडमी** की 23वीं वर्षगांठ पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों ने इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी एवं शिल्पा परुथी को बधाई दी एवं गीत गाकर और भाषण देकर पीसीसी एकेडमी की उपलब्धियां को गिनवाया। इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने मीडिया के माध्यम से पानीपत एवं हरियाणा प्रदेश की जनता का धन्यवाद किया कि उन्होंने 23 साल तक इतना प्यार एवं सम्मान दिया एवं इसी तरह भविष्य में भी अपना प्यार एवं आशीर्वाद बनाए रखने की अपील की। राजीव परुथी ने कहा जो कहा कि पीसीसी एकेडमी हरियाणा में एकमात्र ऐसा संस्थान है जहां मां एवं बेटी एक ही कक्षा में बैठकर पढ़ते हैं। जहां पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारों पर काम किया जाता है। हरियाणा में यह एकमात्र ऐसा संस्थान है जहां सामान्य ज्ञान एवं मंच का डर जड़ से खत्म करवाने के ऊपर एवं विजा इंटरव्यू जैसी ट्रेनिंग और आत्मविश्वास की भावना को बढ़ाना पर जोर दिया जाता है। पीसीसी एकेडमी में 90 प्रतिशत बच्चे महिलाएं एवं लड़कियां हैं। यहां पर निदेशक राजीव परुथी एवं उनकी पत्नी शिल्पा परुथी मिलकर सभी को पढ़ाते हैं। हरियाणा में फ्लुएंसी शब्द की शुरूआत पीसीसी एकेडमी द्वारा हुई थी। इस मौके पर राजीव परुथी ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर सिमरन, पलक, हिमांशी,तनु व विकास आदि मौजूद रहे।




## 'संतों के आदर्शों और शिक्षाओं को जीवन में अपनाएं'

### खुबडू स्थित बाबा समक शाह ऋषि डेरे पर 41 दिन की जलधारा तपस्या के समापन पर हवन यज्ञ कर लगाया विशाल भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर उपमंडल के** गांव खुबडू स्थित डेरा बाबा समक शाह ऋषि पवित्र स्थान पर महंत दीपक नाथ जी की 41 दिन से चल रही तपस्या का समापन हो गया। लोगों के सुख-समृद्धि व शांति की कामना को लेकर 27 नवंबर से रोजाना अलसुबह 4 बजे रात में पानी से भरे मटकों के पानी से जलाभिषेक करते थे। श्रद्धालुओं ने 41वें दिन 108 मटकों से महंत दीपक नाथ का अभिषेक किया गया। शनिवार को डेरे में सुबह के समय हवन यज्ञ किया, इसके साथ ही सत्संग हुआ। यहां लगे विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सेहत कर्मियों की टीम ने करीब 61 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। डेरे में समापन पर देवा वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक देवेंद्र कादियान के पिता एवं समाजसेवी सतबीर कादियान ने शिरकत की।



ग्रामीणों ने उनका फूलमाला से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कादियान ने महंत दीपक नाथ जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि डेरा बाबा समक शाह ऋषि पवित्र स्थान है, यहां पर खुबडू, नयाबांस, समसपुर गामड़ा, भांवर, बिलंदपुर गांव के अलावा क्षेत्र के लोग आकर पूजा-अर्चना करते है। हर साल इन पांच गांवों के सहयोग से भंडारा लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि महंत दीपक नाथ जी द्वारा क्षेत्र में सुख-शांति के लिए कड़ाके की ठंड में ठंडे पानी से 41 दिन की जलधारा तपस्या की है। हमें संतों के आदर्शों और शिक्षाओं को जीवन में अपनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। वहीं, तपस्या कर महंत दीपक नाथ जी ने बताया कि इस डेरे में ये उनकी दूसरी तपस्या है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे नशे जैसी बुराई से दूर रहकर खेलों व पढ़ाई को पूर्णतया समर्पित हो जाएं। इस अवसर पर सरपंच गुरमेल, देवेंद्र, प्रदीप, मेहर सिंह, विकास, जगदीश, देवी सिंह, धर्मेंद्र, ओमबीर, विनोद, सुशील, सोनू समेत काफी तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुख्य द्वार पर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
दोपहिया वाहनों का आवागमन बंद किये जाने से व्यापारी नाराज हो गये और श्री कृष्ण जन्मभूमि मुख्य द्वार पर व्यापारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रशासन के द्वारा मार्ग पर दोपहिया वाहनों का आवागमन सुबह अचानक बंद किए जाने के कारण व्यापारी असहज दिखाई दिए। दोपहर को व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में एसपी सुरक्षा से मिलने जन्मस्थान के कंट्रोल रूम पहुंचा, जहां करीब एक घंटे चली वार्ता के बाद भी प्रशासन और व्यापारियों के बीच सहमति नहीं बनी। व्यापारियों में इस बात को लेकर आक्रोश उत्पन्न हो गया। देर शाम एक स्थानीय धर्मशाला में हुई बैठक के बाद व्यापारी एकत्रित होकर मुख्य द्वार पर पहुंचे और प्रशासन की मनमानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कृष्ण जन्म स्थान व्यवसाई समिति के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन द्वारा मनमाने रवैया से बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया। व्यापारियों के पास वाले वाहनों को भी पुलिसकर्मियों द्वारा अनुमति नहीं दी गई। व्यापारियों द्वारा कहा गया कि यहां पर अस्पताल, डाकघर और बैंक भी हैं उसके बावजूद भी ऊपरी आदेशों का हवाला देकर प्रशासन टस से मस नहीं हुआ। व्यापारियों द्वारा प्रशासन से मांग की गई कि अवरुद्ध मार्ग को शीघ्र खोलें अन्यथा की स्थिति में व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से डॉ राजकुमार चतुर्वेदी, बृजेश शर्मा, निखिल अग्रवाल, ठाकुर गोला, प्रवीण भाटिया, बबलू पंडित, अंकुर अग्रवाल, विनय जैन, साहब सिंह, मुन्ना लाल गुप्ता, मनोज अग्रवाल, राघवेंद्र चौधरी, मनीष अग्रवाल, नवल अग्रवाल, शुभम ठाकुर आदि बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### कनाडा में नौकरी दिलवाने के नाम पर हरियाणा पुलिस में उप निरीक्षक के बेटे से 16 लाख रुपये ठगे

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
कनाडा में एक रिजार्ट में कैशियर की नौकरी दिलवाने के नाम पर एक युवक से 16 लाख रुपये की ठगी हो गई। युवक के पिता ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में सनपेड़ा गांव के बलवान सिंह ने बताया कि वह हरियाणा पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर पानीपत में कार्यरत हैं। उनके बेटे अंकित ने फेसबुक पर राहुल जट के नाम से एक विज्ञापन देखा। जिसमें लिखा था कि उन्हें कनाडा में एक रिजार्ट में कैशियर पोस्ट के लिए दो लड़को या लड़कियों की आवश्यकता है। जिसके लिए पीआर वीजा के लिए कोई पैसा नही लगेगा तथा वीजा का पैसा उनके वेतन से ही कटेगा। विज्ञापन देखने के बाद उसके बेटे ने राहुल जट से संपर्क किया तो उसने अपनी बूआ के लड़के मोहित का मोबाइल नंबर दिया। इसके बाद मोहित ने उसके बेटे को अपने झांसे में ले लिया। उन्होंने नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए, लेकिन उसके बेटे को नौकरी नहीं दिलवाई। इसके बाद उन्होंने अपनी बहन सोनल सैनी व ताऊ के लड़के राहुल कुमार से उनका संपर्क करवाया। उन्होंने भी इस मामले में उनके साथ ठगी की। आरोप है कि चारो आरोपितों ने मिल कर उनसे करीब 16 लाख रुपये ठग लिए, लेकिन आज तक उसके बेटे को नौकरी पर नहीं भेजा। अब आरोपित उन्हें न तो रुपये वापिस कर रहे हैं और वर्क वीजा पर कनाडा भेजने के लिए भी मना कर चुके हैं।

### महिला सशक्तिकरण पर देना होगा बल

**समालखा ( कुलदीप सिंह )/टीम एक्शन इंडिया**
बदलते समय के साथ आधुनिक युग की नारी पढ़-लिख कर स्वतन्त्र है। वह अपने अधिकारों के प्रति सजग है तथा अपना निर्णय लेती है। अब वह चार दिवारी से बाहर निकलकर देश के लिए विशेष महत्वपूर्ण कार्य करती है। प्रतिदिन की भिन्न-भिन्न भूमिकाएं जीते हुए महिलाएं किसी भी समाज स्तम्भ है। उपरोक्त विचार श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पावटी के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प में उपस्थित समाजसेवी रेणू धीमान ने स्वयंसेवकों को सम्बोधन करते हुए। प्रोग्राम आफिसर दयाशंकर ने बोलते हुए कहा हम सभी को मिलकर महिला सशक्तिकरण पर बल देना होगा ताकि महिलाएं हमारे देश की अर्थव्यवस्था में पुरुषों के जितना अपना योगदान दे सके । महिला सशक्तिकरण के बिना किसी भी परिवार का पूरी तरह से विकास होना बहुत मुश्किल हो जाता है। प्राचार्य साहब सिंह स्वयंसेवको को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुमन, हरि ओम प्रवीण, अंजू सतीश, अनिल धीमान आदि आस्थित रहे।

# वृंदावन में धार्मिक पर्यटन के लिए आकर्षण बनेगा परिक्रमा मार्ग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
देश दुनिया में धार्मिक पर्यटन के नए केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहे ब्रज क्षेत्र के वृंदावन का 11 कोसीय परिक्रमा मार्ग नया आकर्षण बनेगा। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पर जहां लगातार श्रद्धालुओं का दबाव बना रहता है वहीं वृंदावन में सप्त देवालयों के दर्शन करने के लिए लाखों तीर्थयात्री आते हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की भाग दौड जारी है। वृंदावन के 11 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग के हेरिटेज स्वरूप को बनाए रखने के लिए उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा के नेतृत्व में जिले के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न


उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं एसएसपी शैलेश पांडये परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते हुए।

स्थाओं पर चल रहे व्यवसाय से हैरिटेज स्वरूप को बिगड़ना पाया गया, पुलिस और नगर निगम को निर्देश दिए कि इनको दूसरे स्थान पर स्थानांतरण किया जाए। अधीनस्थ अधिकारियों के साथ परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।

**परिक्रमा मार्ग**

**8 -11 कोसीय परिक्रमा मार्ग को दिया जा रहा है नया नवेला स्वरूप,-मुख्यमंत्री के दौरे के बाद अधिकारियों की दौड़ भाग**

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया परिक्रमा मार्ग को हेरिटेज स्वरूप देने में कई बाधाओं का सामना फिलहाल करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर अभी कनेक्टविटी नहीं है, वहां कनेक्टविटी भी की जाएगी। साफ सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। इसको और बेहतर बनाया जाएगा। अभी तक यहां 60 सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इनकी संख्या दोगुनी की जाएगी। घाटों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। कुछ स्थानों पर रोपे गए पौधे खराब हो गए हैं, उनके स्थान पर नए पौधे रोपे जाएंगे।
नौ माह में उत्तर प्रदेश पहुंचे 32 करोड़ से अधिक पर्यटक
वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या जहां 31.85 करोड़ थी। वहीं, 2023 के शुरूआती नौ महीने में ही 32 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी में पहुंचे। बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटकों ने काशी का रुख किया, जबकि प्रयागराज, अयोध्या और मथुरा आने वाले सैलानियों की संख्या भी करोड़ों में रही। पर्यटकों की सर्वाधिक संख्या जनवरी और जुलाई माह में दर्ज की गई है, जो कि 5.56 से 5.80 करोड़ के बीच रही।
18 पी.टी. जैड कैमरे, 120 बुलैट कैमरे पडे हैं खराब
वृन्दावन परिक्रमा मार्ग पर सी.सी.टी.वी. एवं पी.ए. सिस्टम की स्थापना का कार्य उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अन्तर्गत मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा कराया गया था। 18 पी.टी. जैड कैमरे, 120 बुलैट कैमरे एवं 70 स्पीकर, कन्ट्रोल रूम, बाढ़ से कैमरों के लिए बनाये गये चौम्बरों एवं डी.डब्लू.सी. पाइप लाइन में पानी भरने के कारण कैमरों का संचालन बंद हो गया। अवस्थापना निधि से 45 लाख की धनराशि प्राधिकरण द्वारा पुलिस विभाग को उपलब्ध करायी गयी थी, किन्तु पुलिस विभाग द्वारा रख रखाव एवं संचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है। कार्य के रख रखाव एवं संचालन कराना सुनिश्चित करें।

## विधायक आवास पर तीन गांवों के 700 जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
रेलवे रोड स्थित विधायक निर्मल चौधरी के आवास पर शनिवार को जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। कंबल वितरण का शुभारंभ भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुरेंद्र चौधरी ने किया। कंबल लेने के लिए बली कुतुबपुर, सैंयाखेड़ा व भिगान गांव के काफी संख्या में बुजुर्ग पहुंचे थे। सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि हर सप्ताह अलग-अलग गांव के जरूरतमंद लोगों का कंबल वितरित किए जा रहे हैं, ताकि ठंड से उन्हें राहत मिल सके। शनिवार को बली कुतुबपुर, सैंयाखेड़ा व भिगान के करीब 700 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए हैं।

## फंदे से लटका मिला हिमाचल की युवती का शव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हिमाचल से नौकरी की तलाश में मथुरा आई युवती का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। युवती ने यहां एक इंजीनिरिंग कॉलेज में साक्षातकार दिया था। बताया जा रहा है कि उसे साक्षातकार के बाद नौकरी भी मिल गई थी, लेकिन ज्वाइनिंग करने से पहले ही यह घटना सामने आई। पुलिस ने मृतक युवती की पहचान शालिनी महाजन निवासी देहरा, पोस्ट अटवाड़, जिला विलासपुर हिमांचल प्रदेश के रूप में की है। शनिवार को शालिनी को नौकरी भी ज्वाइन करनी थी। शहर कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा विहार कालोनी स्थित ब्रजमोहन पहलवान टावर की तीसरी मंजिल पर वह 20 दिसंबर से युवती एक कमरे में रूकी थी।

## करनाल लोकसभा रैली का निमंत्रण दिया और लोगों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह )**
समालखा दिग्विजय चौटाला प्रदेश महाशिव जननायक जनता पार्टी एवं देवेंद्र कादियान प्रदेश उपाध्यक्ष जननायक जनता पार्टी माडल टाऊन स्थित विपन छाबड़ा के घर पहुंचे जहां पर सभी पार्षदों ने उनका जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर उन्होंने 7 जनवरी को घरौंडा में होने वाली करनाल लोकसभा रैली का निमंत्रण दिया और लोगों की समस्याएं सुनी कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया इस अवसर पर सुरेश काला राष्ट्रीय सचिव , हलका प्रधान बलराज मछरौली ,सुभाष



धीमान जिलाध्यक्ष बीसी सेल, सुभाष शर्मा पार्षद, राजेश ठाकुर ,पार्षद विनोद वाल्मीकि ,पार्षद मनीष बेनीवाल, मीनाक्षी चावला , टीपू पोडीया, पूर्व पार्षद बॉबी जांगड़ा, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगतार सिंह बिल्ला ,मदन लाल चोपड़ा प्रधान पंजाबी सभा समालखा ,पंकज अरोड़ा गोल्डी प्रधान वैष्णो देवी सेवा समिति , विजय जांगड़ा जोगिंदर खुराना, रघुवीर जांगड़ा, मनु छाबड़ा, अमन शैल आदि उपस्थित थे ,

# फाइनेंस कर्मी से लूट के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**दबिश**

**8 पुलिस ने भागे हुए साथी की पहचान सुनिश्चित की है और उसकी गिरफ्तारी की दबिश दी जा रही है।**

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
माइक्रो फाइनेंस कर्मी से हुई लूट की घटना के दो आरोपी पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए हैं। जबकि एक साथी रात के अंधेरे में भाग निकलने में सफल रहा। पुलिस ने भागे हुए साथी की पहचान सुनिश्चित की है और उसकी गिरफ्तारी की दबिश



दी जा रही है। थाना छाता पुलिस व स्वाट टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़ पांच जनवरी की रात्रि में कीरब 10 बजे हुई। माइक्रोफाइनेंस कर्मी से मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों द्वारा 1,32,000 रुपए की लूट 28 दिसंबर 2023 को बिडावली गांव के पास कर ली गई थी। जिसमें प्रकाश में आए अभियुक्त बबलू के अपने साथियों के साथ ग्राम बिडावली आने की सूचना मिलने पर थाना छाता पुलिस और स्वाट टीम द्वारा अकबरपुर तरौली रोड पर पिल्होरा बंबा पर घेराबंदी करने के दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों द्वारा पुलिस पर जानलेवा हमला किया गया। जिसके जवाब में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर करने पर दो बदमाश पैर में गोली लगने के कारण घायल होकर गिर गए जबकि एक बदमाश मोटरसाइकिल सहित चौमुंहा की तरफ भागने में सफल रहा। घायल बदमाश जगदीश सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी नबीपुर थाना हाईवे मथुरा के कब्जे से एक तमंचा, खोखा कारतूस तथा लूट के 12,300 और दूसरे घायल बदमाश अनिल पुत्र प्रीतम ठाकुर निवासी ग्राम उसपार थाना हाईवे मथुरा के कब्जे से एक तमंचा, खोखा कारतूस तथा लूट के 11,700 रुपये बरामद हुए। भागे हुए बदमाश का नाम बबलू पुत्र करण ठाकुर निवासी बिदावली बताया है।
एक आरोपित कोर्ट में हो गया हाजिर प्रभारी निरीक्षक थाना छाता त्रिलोकी सिंह के मुताबिक घायल बदमाशों द्वारा अपने गांव के गजेंद्र उर्फ गज्जू पुत्र शिबो ठाकुर के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया। बबलू के कहने पर लूट के दौरान मिला टैबलेट तोड़कर फेंक दिया। जबकि मोबाइल गजेंद्र ने ले लिया और मोटरसाइकिल भी वही लेकर आया था। गजेंद्र कोर्ट में हाजिर हो गया।

## उपलब्धि: नगर निगम को पांच साल में पहली बार मिली स्टार रैंकिंग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा नगर निकायों के अंतर्गत उन्नत सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की दृष्टिगत स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाती है। इसी प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी स्टार रैंकिंग एवं ओडीएफ प्लस प्लस प्रति स्पर्धा आयोजित की गई थी। नगर निगम द्वारा प्रतिस्पर्धा में विगत पांच वर्षों से प्रतिभाग किया जा रहा था परंतु नगर निगम मथुरा वृंदावन को प्रतिस्पर्धा में कोई स्टार रैंकिंग प्राप्त नहीं हुई थी। क्योंकि जीएफसी स्टार सिटी प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत स्टार रैंकिंग प्राप्त करने हेतु जो अति गुणवत्तापूर्ण मानक निर्धारित किए गए हैं उन्हें पूरा करना होता है। प्रतिस्पर्धा में स्टार रैंकिंग नगर निकायों के द्वारा की जा रही साफ सफाई व्यवस्था के साथ साथ आम जनमानस का सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूकता के आधार पर आकलन किया जाता है। नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा इन्हीं मानकों में सुधार करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। जिसके फलस्वरूप वर्ष 2023 में गार्बेज फ्री सिटी सर्वेक्षण में नगर निगम मथुरा वृंदावन को एक स्टार भारत सरकार द्वारा अधिकृत संस्था के माध्यम से किए गया है। स्थलीय सर्वेक्षण के उपरांत प्रदान किया गया है। इसके साथ साथ नगर निगम को ओडीएफ प्लस प्लस का सर्टिफिकेशन भी प्राप्त हुआ है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल वर्ष 2018 में शुरू किया गया था। शहरों को कचरा मुक्त स्थिति प्राप्त करने के लिये एक तंत्र को संस्थागत रूप दिया जा सके और शहरों को स्थायी स्वच्छता संबंधी उच्च क्षमता प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया जा सके।

## दरेसी क्षेत्र में विजिलेंस ने तडके की कार्यवाही

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने शनिवार को मथुरा शहर के दरेसी क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली चोरी पकडी। सुबह तडके हुई विजिलेंस की कार्यवाही से क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल रहा। बिजली चोरी करने के आदी लोगों में हडकंप की स्थिति है। खबर खिले जाने तक जिन लोगों के यहां बिजली चोरी पकडी गई है उन पर जुमार्ना तय करने की प्रक्रिया चल रही थी। कार्यवाही करने वाली विजिलेंस की टीम के साथ क्षेत्रीय इंजीनियर अशोक यादव भी रहे। वहीं अंडरग्राउंड केबिल में खराबी आने से सुखदेव नगर क्षेत्र में बिजली गायब है। जिससे लोगों में आक्रोश है। गुरुवार से ही सुखदेव नगर क्षेत्र की बिजली गुल है।

## पानीपत टोल पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रिफ़्लेक्टर लगाए

**पानीपत (कुलदीप सिंह)/टीम एक्शन इंडिया**
आज कल धुध की वजह से वाहन अक्सर सड़क पर नजर नहीं आते,जिसकी वजह से एक्सीडेंट होने की संभावना बढ़ जाती है इसलिए स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी और डीएलएसए ने मिलकर पानीपत टोल पर दुर्घटनाओ को रोकने के लिए वहनों पर रिफ़्लेक्टर लगाए.इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज श्री सुदेश कुमार शर्मा जी ने कहा कि सड़क हादसे होने का कारण वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर का नहीं लगे होना। खास बात यह है कि



अब जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती जाएगी वैसे वैसे ही धुंध और कोहरा भी सड़कों पर छाया रहेगा। वाहन को धुंध व कोहरे के कारण कुछ भी दिखाई नहीं देता। इसी कारण बड़े हादसे हो जाते हैं.इनसे बचाव के लिए ही रिफ़्लेक्टिर का प्रयोग करना चाहिये। एडिशनल चीफ जुडिसियल मजिस्ट्रेट प्रदीप चौधरी ने कहा कि जब अंधेरे में इन पर वाहनों की लाइट पड़ती है तो ये चमकने लगते हैं और इससे लगता है कि इनमें लाइट जल रही है, लेकिन इनमें लाइट नहीं जलती है. ये बिना की किसी इलेक्ट्रिसिटी या तार के काम करते हैं. झ जो एक्टिव रिफलेक्टर्स होते हैं। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज राजेश कुमार ने कहा कि किसी भी वाहन पर तीन तरह के रिफ्लेक्टर लगाए जाते हैं। बैक साइड में रेड, साइड में यलो और फ्रंट में वाइट कलर का रिफलेक्टर लगाया जाता है। सीजेएम डीएलएसए प्रतीक जैन ने कहा कि जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।

## मथुरा के नाम हुआ नेशनल लेवल पर बेस्ट फैशन आर्ट इंस्टालेशन अवाड्र्स

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी मथुरा ने दिल्ली में वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम, द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल डिजाइनर अवाड्र्स के छठे संस्करण का अनावरण हुआ, जिसमे देश के अलग अलग हिस्सों से इंस्टिट्यूट, एकडेमी, और यूनिवर्सिटी के साथ 700 डिजाइनर्स के बीच प्रतियोगिता कर बेस्ट फैशन आर्ट इंस्टालेशन का अवार्ड अपने नाम कराया और मथुरा का नाम रोशन किया। इस मौके पर दिशा इंस्टीट्यूट मथुरा के 10 डिजाइनर छात्राओं द्वारा अलग अलग वेस्टर्न, इंडो वेस्टर्न, इथनिक, गाउन ड्रेस का प्रदर्शन



कर सब लोगो का मन मोह लिया। जिसमे कुछ ड्रेसस अलग अंदाज में प्रदर्शित किये गये साथ ही ड्रेसेस के द्वारा के पीछे का उद्देश्य ब्रज संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया और भगवान कृष्ण की ब्रज में की गई लीलाओं का एक संक्षिप्त वर्णन प्रदर्शित किया। ब्रज संस्कृति को देखकर वहां बैठे लोगों का मन मुग्ध हो गया।
साथ ही वहां उपस्थित सेलिब्रिटी गेस्ट सब्यासांची, शांति प्रिया, केन फर्न्स, अमित त्यागी ने ब्रज की कला को सराहा और फैशन के क्षेत्र में मथुरा को आगे ले जाने को कहा।
दिशा इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर शिखा अग्रवाल ने बताया की हमारे और मथुरा के सबसे बड़ी बात ये रही की वह इतने बड़े कार्यक्रम के बीच सेलिब्रिटी डिजाइनरो ने इंस्टीट्यूट के छात्राओ द्वारा बनाये गये ड्रेसस को पर्सनली डिजाइनर रूम मे आकर देख सब्यासांची ने बोला की अगर अभी से इन बच्चों के हाथों मे ये कला है तो आगे इनका भविष्य उज्जवल होने वाला है, इसका पूरा श्रेय इंस्टिट्यूट की फैकल्टी को दिया। वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम के संस्थापक अंकुश अनामी का धन्यवाद किया जिन्होंने मथुरा जैसे शहर को इतना भव्य और विशाल मंच प्रदान किया। वही मौजूद इंस्टिट्यूट की हेड ऑफ डिपार्टमेन्ट अंकिता शर्मा ने बताया की इंस्टिट्यूट से 10 छात्राओ एनाक्षी, ज्योति, प्रियंका, अंजली, नूपुर, आयुषी, सुरभि, सिमरन, दीपाली, मिथलेश ने इन ड्रेसों को यहां सभी के समक्ष प्रस्तुत किया साथ ही इंस्टिट्यूट सृष्टि कुलश्रेष्ठ, रजत चौहान एवं वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम के सभी साथियो का धन्यवाद करता है जिन्होंने बच्चों को इतना बेहतरीन मंच प्रदान किया।

## थाना सदर बल्लभगढ़ की टीम ने गांव लडोली में की पुलिस पब्लिक मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**
पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार सदर बल्लभगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की टीम ने लडोली गांव में वॉलीबॉल का मैच करवा आमजन को नशामुक्ति, साइबर महिला व बाल अपराध, सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए नशा तस्करों को पकड़वाने के लिए जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आमजन को जागरूक करने के लिए पुलिस कमिश्नर के दिशा निर्देश अनुसार फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान के साथ-साथ पुलिस पब्लिक मीटिंग ली जा रही है। डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल और एसीपी तिगांव राजेश लोहान के आदेश अनुसार थाना प्रभारी सदर बल्लभगढ़ निरीक्षक बसंत व उनकी टीम द्वारा गांव लडोली में पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें गांव के मौजिज व्यक्तियों के साथ लगभग 150 से 200 लोग वहां मौजूद रहे। साथ ही गांव के युवाओं के साथ पुलिस टीम ने एक वॉलीबॉल मैच का भी आयोजन किया। उसके बाद थाना प्रभारी ने गांव के मौजूद सभी लोगों को साइबर क्राइम से सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों की पालना करने, महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में कानून और डायल 112 के बारे में जागरूक किया। इसके साथ ही पुलिस टीम ने बताया कि किस प्रकार युवा खेल के माध्यम से अपने शरीर को तंदुरुस्त रख सकते हैं, साथ ही अपने क्षेत्र और अपने देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है।

# रोड़वेज बसों की लेट-लतीफी से जनता परेशान

## निजी वाहनों की मौज, बसों की अनिश्चित समय सारणी के कारण जान जोखिम में डाल निजी वाहनों में सफर को मजबूर हुए यात्री, अस्थाई बस स्टैंड पर है मारुति इको की भरमार



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी।** कस्बा नांगल चौधरी में अवैध रूप से सवारियां ढोने का कार्य जोरों पर है। रोडवेज बसों का टाइम निर्धारित नहीं होने का फायदा उठाते ये अवैध वाहन बेतरतीबी से सवारियों को जानवरों की तरह ठूंस कर गंतव्य तक रवाना होते हैं। वहीं छोटे रूटों पर रोड़वेज बसों का ठहराव काम होने के कारण मजबूरी में यात्रियों को जान जोखिम में डाल इन वाहनों में सफर करना पड़ता है । नांगल चौधरी से नारनौल के बीच इस समय लगभग एक दर्जन से अधिक मारुति इको गाडियां अवैध रूप से सवारियां ढोने में लगी हैं। इन वाहनों के चालक नांगल चौधरी के अस्थाई बस स्टैंड पर सरेआम सवारियों को आवाज देकर बुलाते हैं और जल्दी गंतव्य तक पहुंचने के लालच में सवारियां भी इन वाहन चालकों के बहकावे में आकर अपनी जान की परवाह नहीं करती। अक्सर देखा गया है कि जब सरकारी बस के आने का समय होता है तो अवैध वाहनों को स्टैंड पर लगा दिया जाता है। वहीं सवारियों को कहा जाता है कि बस के आने की कोई संभावना नहीं, फिर जानवरों की तरह इन इको गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारियां ठूंस गंतव्य की रवानगी की जाती है । इतना ही नहीं गंतव्य स्थान पर पहुंचने के बाद किराया भी रोड़वेज से अधिक वसूल किया जाता है । नांगल चौधरी से नारनौल का रोडवेज किराया 25 रूपया निर्धारित है , लेकिन अवैध रूप से सवारी ढोने वाले वहां सवारियों से 30 रूपया किराया वसूल करते हैं। पांच रूपया मांगने पर सवारी को जलील तो किया ही जाता है, वहीं छुट्टा नहीं होने की आड़ में आर्थिक शोषण भी किया जाता है। कमोबेश यही स्थिति नांगल चौधरी से कोटपुतली की बनी है। इस रूट और भी मारुति इको और मैक्स गाड़ियों की भरमार सरकार को चुना लगा रोजाना नुकसान पहुंचाया जा रहा है, लेकिन इन अवैध रूप से सवारी ढोने में लगी गाड़ियों पर अंकुश लगाने से जुड़ी कार्यवाही अभी तक अमल में नहीं लाई गई है। इस संदर्भ में थाना प्रबंधक भूपेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस प्रकार सवारी ढोना गैरकानूनी है। पुलिस इन वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चला कार्यवाही करेगी तथा इस प्रकार के अवैध कार्य में संलिप्त गाड़ियों के चालान भी किए जायेंगे।

# देर शाम 4 गांव में पहुंचे डिप्टी सीएम, गांव हित में कई घोषणाएं की



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का दो दिवसीय जिला का दौरा शुक्रवार देर शाम चार गांव के बाद सम्पन्न हो गया। इस दौरान डिप्टी सीएम गांव ताजीपुर, चिंडालिया, मोहनपुर व डोहर में पहुंचे। दो गांवों में जनसभा को संबोधित किया और उनकी डिमांड को सुना व पूरा करने की घोषणा की। वहीं गांव डोहर में बाबूलाल आवास पर चाय प्रोग्राम में शामिल हुए। गांव मोहनपुर में वीरचक्र से सम्मानित शहीद महावीरसिंह की पत्नी लक्ष्मीदेवी के निधन पर शोक व्यक्त करने भी पहुंचे। जब गांव ताजीपुर में पहुंचे तो वहां ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जजपा पार्टी गठन को अभी छह साल का समय हुआ है। इतने कम समय में पार्टी प्रदेश के हर वर्ग से जुड़ गई है। युवा, किसान, महिला व व्यापारी वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर पार्टी गठबंधन में रहकर कार्य करने में जुटी है। इस गांव में सरपंच व अन्य ग्रामीणों की ओर से की गई डिमांड पर दुष्यंत चौटाला ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को निर्देश दिए कि गांव में संतराम सैनी के होटल तक सड़क तुरंत बनाई जाए। गांव में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की। ग्राम सचिवालय बनाने की भी घोषणा की। इसके अलावा खेतों के कई रास्ते पक्के बनाने की घोषणा भी की। इस गांव के बाद डिप्टी सीएम गांव चिंडालिया पहुंचे और वहां देर शाम तक भी उनका इंतजार कर रही भारी भीड़ को देख संबोधन में कहा कि आपका यह इंतजार बता रहा है, पार्टी के प्रति कितना लगाव है। यह संघर्ष है, आपको आगे लेकर चलना है। जितनी मजबूती से पार्टी को लेकर आगे बढ़ रहे है, भविष्य आपका ही होगा। यहां सरपंच व ग्रामीणों की डिमांड पर डिप्टी सीएम ने कहा कि नांगल काठा व भालोठ सड़क मार्केटिंग बोर्ड के अधीन है। इनके एस्टीमेट बन चुके है। अभी गेहूं की फसल कटेगी तो मार्केटिंग बोर्ड के पास दो प्रतिशत के तौर पर पैसा आएगा। तब तक हम इसकी अप्रूवल भी दे चुके होंगे, ऐसे में यह दोनों सड़क भी आपकी जल्द ही तैयार हो जाएगी। वहीं जब डिप्टी सीएम गांव डोहर में पहुंचे तो वहां शेरसिंह डीपीई की अगुवाई में बाबूलाल, प्रमोद कुमार, जगदीश, पूर्व पार्षद सुरेंद्र, कृष्ण कुमार, हंसराज, बनवारी, होशियार, कुलदीप, दलीप, शेरसिंह, राजकुमार किरोड़ी, मुरारी व गिरवर ने पार्टी में आस्था जताते हुए ज्वाइन की।

**जनसभा**

**8 जपा पार्टी गठन को अभी छह साल का समय हुआ है। इतने कम समय में पार्टी प्रदेश के हर वर्ग से जुड़ गई है : डिप्टी सीएम**

**न्यूज फ्लैश**

## विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शनिवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव जोनावास, सतनाली खंड के गांव सोहला, अटेली खंड के बजाड़ व गणियार, नांगल चौधरी खंड के गांव बामनवास खेता व कालबा तथा निजामपुर खंड के गंगुताना व गोलवा गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव बजाड़ व गणियार में अटेली विधायक सीताराम यादव, बामनवास खेता, कालबा व गोलवा में बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं जोनावास में जिला परिषद सदस्य देवेंद्र यादव, गंगुताना में पंचायत समिति चेयरमैन विनोद कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। सोहला में नायब तहसीलदार दयाचंद ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। अटेली विधायक सीताराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा कर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज गणियार में 6 लाभार्थियों को व बजाड़ में 5 लाभार्थियों को गैस कनेक्शन दिए तथा गणियार में मौके पर ही 6 लाभार्थियों की पेंशन बनाई।

बीजेपी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि गरीब नागरिकों को इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त करते हुए सरकार ने आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना लागू करके बहुत बड़ी राहत दी है। इसी प्रकार किसानों के लिए फसल बीमा योजना तथा किसान सम्मान निधि योजना लागू करके उनका आर्थिक उत्थान किया है।

इस अवसर पर गणियार में बीडीपीओ चंदन जोशी, पंचायत समिति चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद, जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा कर्मवीर खींची, पंचायत समिति मेंबर सुनीता देवी, महामंत्री मुकेश यादव मौजूद थे।

## जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित सिरसा के 12 वर्षीय बच्चे को मिला नया जीवन

**सिरसा।** सिरसा का 12 वर्षीय सोनू (बदला हुआ नाम), अपने जन्म के बाद से एक जन्मजात स्वास्थ्य समस्या के साथ जीवन व्यतीत कर रहा था। बचपन से ही उसे लगातार सांस फूलने, पैर में सूजन व कई प्रकार की हृदय से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उसके हृदय की बिगड़ती स्थिति के कारण पिछले 6 महीने से उसे स्कूल भी छोड़ना पड़ा था। बीमारी जन्मजात थी इसलिए ऑपरेशन के बिना उसके बचने की कोई संभावना नहीं थी। फिर डॉ मनदीप की सलाह पर सोनू को नारायणा हेल्थ (नारायणा अस्पताल) गुरुग्राम में भर्ती कराया गया, जहां डॉ. विकास केशरी और उनकी अनुभवी कार्डियक सर्जरी टीम ने तुरंत जटिल सर्जरी की, उसके बाद बच्चा सामान्य हो गया और अब नया जीवन जी रहा है। टीम का नेतृत्व करने वाले नारायणा हेल्थ, गुरुग्राम के डॉ. रचित सक्सेना, कार्डियक सर्जन ने कहा कि, इकोकार्डियोग्राफी और सीटी एओर्टोग्राम सहित कई जांचों के पश्चात वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट, सीवीयर माइट्रल रिगर्जिटेशन और कोआर्क्टेशन ऑफ योर्टा सहित तीन प्रमुख हृदय संबंधित समस्याएं सामने आई। स्थिति बेहद ही गंभीर थी और ऐसे में मरीज को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी। फिर 6 घंटे की मैराथन ट्रिपल कार्डियक सर्जरी की प्रक्रिया शुरू हुई और उसके बाद चमत्कारी परिणाम हम सबके सामने था।



यह 6 घंटे की जटिल मैराथन सर्जरी करने वाले नारायणा हेल्थ, गुरुग्राम के सीनियर कंसल्टेंट, कार्डियक सर्जरी, डॉ. विकास कुमार केशरी ने बताया कि, "हमने वेंट्रल एओर्टा रिपेयर, वीएसडी क्लोजर और माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट तीनों प्रक्रियाओं को एक साथ सफलतापूर्वक पूरा किया। इस सर्जरी में हृदय की हर समस्या का समाधान करना और बाधित महाधमनी को बायपास करने के लिए कृत्रिम ट्यूब को फिर से जोड़ना शामिल था।

# विधायक पंवार ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण, सुविधाएं पुख्ता करने का दिया निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत। विधायक** सुरेंद्र पंवार ने सुंदर सांवरी स्थित रैन बसेरे में पहुंचकर सफाई व्यवस्था, खाने की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरे के इंचार्ज को सभी सुविधाएं पुख्ता करने के निर्देश दिए।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि रैन बसेरे में महिलाओं व पुरूषों के रहने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं होनी चाहिए। रैन बसेरे में पहुंचने वाले प्रत्येक जन के लिए स्वच्छ शौचालय, सफाई व्यवस्था, खाने की व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध होना चाहिए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने रैन बसेरे में रहने वाले कुछ लोगों से बातचीत की। उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्टि जाहिर की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि प्रत्येक रैन बसेरे में रहने के साथ-साथ खाने की सुविधा का भी विशेष तौर पर अधिकारी ध्यान दें। इसके उपरांत विधायक सुरेंद्र पंवार ने वार्ड-1 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य कर रही एजेंसी को शीघ्रता व गुणवत्तापरक कार्य करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत विधायक सुरेंद्र पंवार वार्ड-19 में पहुंचे, यहां पर उन्होंने बरोदा में आज होने वाली जन आक्रोश रैली में ज्यादा से ज्याद संख्या में देवतुल्य जनता को पहुंचने का आग्रह किया। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र मलिक, मनीष सैनी, पूर्व पार्षद संजय, वेद यादव, प्रवीन, जयसिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## शहर के विभिन्न मोहल्लों में बांटे राम मंदिर के चित्र व पत्रक

**टीम एक्शन इंडिया/महेन्द्रगढ़ अयोध्या** में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के बालरुप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भू-तल के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस पावन अवसर पर अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों, मंदिरों में बड़ी खुशी के साथ दीप जगाकर दीपावली मनाने का निमंत्रण दिया जा रहा है। घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक बांटने का कार्य तेजी से चल रहा है। कार्यक्रम के नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी व नगर पालक महावीर भांडोरिया ने बताया कि लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए निमंत्रण देने का कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। वार्ड नंबर-13 बगीची मौहल्ला खटीकान में मुकेश, संजय, अजीत, सतबीर, गोपाल, अशोक, प्रमोद, दीप, चंदन आदि द्वारा अयोध्या से आए अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर-दो, गांव माजरा व रिवासा में नगर सहसंयोजक जयवर्धन राव, अविनाश शर्मा, अनुराग, ललित जोशी, आनंद यादव, दुलीचंद यादव द्वारा लोगों को निमंत्रण देने के का कार्य किया जा रहा है।

## बाबा दयाल व श्याम मंदिर जैतपुर धाम में राम मंदिर के लिए अक्षत देकर दिया निमंत्रण



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। अयोध्या** में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूजित अक्षय कलश की शोभा यात्रा निकाली गयी। काठूवास, हुडि?ा कलां, हुड्डियां खुर्द, जैतपुर, परतापुर सहित बाबा दयाल व श्याम मदिर जैतपुर धाम सहित सभी मंदिरों में दर्शन कर राम लला के गुणगान के साथ झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा में विशाल संख्या महिलाओं कलश यात्रा निकाली तथा पुरूषों द्वारा ध्वज लेकर सैकड़ों, ट्रैक्टर,डीजे,जेसीबी घोड़ा बगी के साथ साथ हुडि?ा-जैतपुर के दयाल मंदिर में पहुंची। समारोह के संयोजक श्री श्याम सेवा समिति के प्रधान ताराचंद यादव ने बताया कि झांकी व कलश यात्रा का आयोजन महंत रामेश्वर दास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान घर-घर जाकर आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के निमंत्रण रूप में पीले चावल बांट कर न्यौता दिया। प्रधान ताराचंद यादव ने कहा कि हमारा देश एक धार्मिक पवृति का है। श्री राम यहा के क ण-कण में विराजमान है।

## भारत संकल्प यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**समालखा: प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा एक संकल्प के तौर पर निकली है ताकि अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने गांव जौरासी खालसा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया और उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ भी दिलवाई। मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक जरूरतमंदों को मजबूत नहीं करेंगे तब तक भारत विकसित नहीं होगा।

# अटेली क्षेत्र में साई ट्रेनिंग सेंटर व खेल संस्थान खोलने के लिए रखा प्रस्ताव, डिप्टी सीएम ने किया अनदेखा

## डिप्टी सीएम द्वारा उनकी मांग नहीं सुनने पर युवा व खिलाड़ियों में रोष, शनिवार को युवाओं की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। अटेली** क्षेत्र के खिलाड़ियों व युवाओं ने खेल कूद की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्टेडियम, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट की मांग रखी। प्रदेश के 19 जिलों में साई केंद्र है लेकिन अहीरवाल क्षेत्र के जिलों में एक भी नहीं है। इस कारण खेल प्रतिभाएं तथा प्लेटफार्म भी नहीं मिल रहा है। साई के एकेडमिक व ट्रेनिंग सेंटर पटियाला के प्रशिक्षण लेने वाले ललित यादव, विकास यादव, सवित राज यादव, मुकेश, दीपक यादव, मनोज राव, सन्नी, इंद्रपाल यादव, सत्येंद्र यादव,पवन कौशिक ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के सामने साई ट्रेनिंग सेंटर व स्पोर्ट्स खोलने के लिए पत्र सौंपा , लेकिन डिप्टी सीएम ने युवाओं की मांग को अनदेख कर दिया । इस संदर्भ से शनिवार को युवा खिलाड़ियों ने बैठक आयोजित कर रोष प्रकट किया । खिलाड़ियों ने बताया कि डिप्टी सीएम ने उनकी मांग को अनसुना कर दिया। दौरान युवाओं ने क्षेत्र में लेकिन युवाओं की मांग को दरकिनार कर के केवल जेजेपी पार्टी के प्रचार पर ही ध्यान केंद्रित किया गया। इससे युवाओं में रोष है की हम आजादी के 75 साल बाद भी बड़े नेताओं से गांव की नालियां ठीक करवाने से ज्यादा कुछ मांग नही सकते हैं। हमारे प्रतिनिधित्व करने वाले इस बात से डरते हैं की कहीं बड़े नेता गांव से नाराज ना हो जाए तो बड़ी मांगों को नेताओं के सामने रखते ही नहीं हैं। युवाओं ने बताया कि क्षेत्र में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

## सूर्य प्रताप ने किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)युवा कांग्रेस के** प्रदेश सचिव एवं कैथल और गुहला विधानसभा के प्रभारी सूर्य प्रताप राठौर ने आज अपने संस्थान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बहुत बड़ा नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया। नव वर्ष मिलन समारोह में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सूर्य प्रताप राठौड़ ने नव वर्ष मिलन कार्यक्रम में आए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सन 2024 मैं होने वाले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव के लिए संकल्प लेकर आज से ही कमर कस लें। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है सन2024 में प्रदेश के अंदर कांग्रेस की सरकार बनेगी । उन्होंने भाजपा जजपा गठबंधन सरकार की कार्य शैली की निंदा करते हुए कहा कि गठबंधन सरकार ने सरकारी एजेंसियों का खूब दुरुपयोग किया है, जो भी प्रदेश और केंद्र की सरकार के कारनामों के विरुद्ध मुंह खोलता है ,उसकी आवाज को दबाने के लिए उसके पीछे ईडी और सीबीआई को लगा दिया जाता है ।उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा जजपा की सरकार की कार्य शैली से लोग ऊब चुके हैं और चारों तरफ त्राहि त्राहि हो रही है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मिशन 2024 के लिए सभी कार्य एकता बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी के लिए संकल्प लेकर आगे बढ़ें। कांग्रेस के युवा कार्यकताओं के कंधों पर बहुत जिम्मेवारी है और उस जिम्मेदारी को निभाने हेतु दृढ़ निश्चय के साथ हर संभव प्रयास करें ताकि जन विरोधी नीतियों को लागू करने वाली सरकार को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। उन्होंने नव वर्ष मिलन समारोह में आए हुए सभी कांग्रेस के युवा कार्यकताओं को नव वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि सभी नव वर्ष 2024 में खुद खुशहाल रहें और कांग्रेस पार्टी की प्रदेश में सरकार बनाने के लिए कड़ी मेहनत करें ,तभी देश और प्रदेश को अहंकारवादियों के चुंगल से छुड़वाया जा सकता है।

प्रदेश की जनता ने कांग्रेस का राज बखूबी देखा है और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रत्येक व्यक्ति को कांग्रेस मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाएगी।

# बाबा का जागरण व खेल प्रतियोगिताएं संपन्न

## कबड्डी में मोनी हथवाला तथा वॉलीबॉल में गुरूग्राम हॉस्टल रहे प्रथम



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** सागरपुर में बाबा हरनाम गिरी के मेले में बाबा का जागरण व अनेक खेल कूद प्रतियोगिताएं हुई। मेले में कबड्डी में मोनी हथवाला प्रथम व द्वितीय खेड़ी झज्जर जसोट रही। वॉलीबॉल की विजेता टीम गुरूग्राम हॉस्टल प्रथम तथा उपविजेता रही। इन टीमों को 41 हजार व उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। रस्साकसी में सागरपुर ए व बी की टीम विजेता रही, जिन्हे 11 हजार व 7100 रुपए का पुरस्कार प्रदान किये गये। खेल कूद प्रतियोगिता में सज्जन, धीरज, अनुप, विक्रम रेफरी रहे तथा कॉमेंटरी सोनू टाकड़ी रही। मेले में बुजुर्गों की दौड़ विशेष आकर्षण का केंद्र रही जिसमें कोटपुतली के गिरधारी लाल प्रथम, कनीना के रोशन द्वितीय रहे। लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में पूजा बूचोली प्रथम व अंतिम नाम की लडकी द्वितीय व मटका दौड़ में बाढडा की प्रमिला प्रथम व संतोष नीमड़ी दूसरे स्थान पर रही। 1600 मीटर लडको की दौड़ में मोहन सांगवान प्रथम आदमपुर तथा अनिल नारनौल द्वितीय स्थान पर रहा।

जागरण में आरती जांगड़ा, कोमल चौधरी, मुस्कान डांसर, राजेश डुलनियां, संदीप हसनपुरिया एंड पार्टी अपना प्रस्तुति दे कर बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष, रणबीर प्राचार्य, मनोज मास्टर, कैप्टन अमर सिंह, युवा अनिल लीडर, ब्लॉक समिति सदस्य प्रतिनिधि अनिल मेचू, सरपंच सुबेसिंह, पूर्व सरपंच रोहताश, भूपेंद्र सिंह, कंवर सिंह,नरेंद्र टोना, भूप सिंह, सुखबीर, इंस्पेक्टर बलवान सिंह, संदीप, कर्णसिंह, नरेंद्र, रामूतार, सोमवीर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आने वाले 25 साल में दुनिया देखेगी भारत की ताकत का जलवा: कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को गोयला कला में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बीजेपी के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने कहा की आने वाले 25 सालों में दुनिया भारत की ताकत का जलवा देखेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आज देश की पहचान ताकतवर देश के रूप में हो रही है। आज दुनिया के विकसित देश भारत की प्रगति को देखकर हैरान हैं। जो मुल्क भारत को दूसरी दृष्टि से देखते थे आज वे भारत की प्रगति से प्रभावित होकर नत-मस्तक तक हो रहे हैं। इन 10 सालो में देश आर्थिक रूप से जहां मजबूत हुआ हैं वही बहुत से क्षेत्र है जहां हम आत्म निर्भर भी हुए हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत उन ताकतवर देशों की श्रणी में शामिल होंगे जिन पूरी दुनिया लोहा मानती है। उन्होंने कहा की आज हम आर्थिक दृष्टि से सबल हो रहे है व विकसित भारत की तरफ हमारे कदम बढ़ रहे हैं।

आदर्श रसोई सप्ताह 40 वां

# नम आँखों से ठाकुर नेम सिंह को अर्पित किए गए श्रद्धासुमन

## आदर्श नगर स्थित राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का अतिथियों ने फीता काटकर किया शुभारंभ...






**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई द्वारा नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए दूसरे वर्ष के 40वें रविवार का पड़ाव पार करते हुए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। हर बार कि भांति विधिवत रूप से अतिथियों द्वारा फीता काटकर आदर्श रसोई का श्रीगणेश किया गया।

**ठाकुर परिवार का किया गया स्वागतः** जिस तरह आदर्श रसोई के तमाम व्यंजनों के चर्चे दूर-दूर तक है, ठीक उसी तरह आदर्श रसोई की मेहमानवाजी के चर्चे भी किसी से छुपे नहीं है। इस बार रसोई का मेहमान रहा ठाकुर परिवार। परिवार ने अपने बड़े ठाकुर नेम सिंह जी की 44वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आदर्श रसोई के माध्यम से अन्नदान करने का निर्णय लिया।

**स्वर्गीय नेम सिंह की मनाई गई पुण्यतिथिः** इस बार के मुख्य अतिथि ठाकुर परिवार का रसोई की टीम ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। वहीं, इस मौके पर आदर्श रसोई द्वारा ठाकुर परिवार के अपने बड़े स्वर्गीय ठाकुर नेम सिंह जी की पुण्यतिथि मनाई। इसके साथ ही उनके पूरे परिवार ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**ठाकुर परिवार ने कहाः** स्वर्गीय नेम सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए ठाकुर परिवार ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

इसलिए ही नर सेवा को नारायण सेवा की श्रेणी में रखा गया है। इसी धर्म को अपनाते हुए आदर्श रसोई नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए भूखे का पेट भरने का काम कर रही है। इस बड़ा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता।

**विशेष रहा आदर्श रसोई का मेन्यू :** आपको बता दें कि स्वाद के मामले में आदर्श रसोई के हाथ कोई नहीं पकड़ सकता है। प्रत्येक रविवार को आदर्श रसोई में लोगों को नए-नए पकवान परोसे जाते है, जिसकी खुशबू मात्र से ही भूख जाग उठती है, जिसे आदर्श रसोई की टीम बड़े ही चाव से परोसती है और लोग भी बडे ही चाव से खाते है।

# बरसी पर कीर्तन पाठ व भंडारे का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दादा त्रिलोक** चंद कपाही बड़े ही अच्छे व्यक्ति थे और सभी के सुख-दुख में साथ रहते थे। यही कारण है कि आज कार्यक्रम में बहुताय की संख्या में लोग मौजूद है। उक्त बातें विशाल कपाही ने महेन्द्रा पार्क इलाके में स्वर्गीय दादा त्रिलोकचंद कपाही की बरसी पर आयोजित कीर्तन पाठ व भंडारे के दौरान कही। इस कार्यक्रम का आयोजन उनके पौत्र विशाल कपाही के द्वारा किया गया। आपको बातदें कि कीर्तन का पाठ रागी बाबा लाखन सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर विशाल कपाही ने बताया कि दादा जी हमेशा ही कहा करते थे कि सभी को गरीब, दुखी व असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए, जिससे कि किसी भी वर्ग के व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। आज उनकी बरसी पर कीर्तन पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया है। मैं कार्यक्रम में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का भी धन्यवाद करता हूं। इस अवसर पर जुगल किशोर, सतपाल मेहता, श्रवण कुमार, बंटी कुमार, भूपेंद्र सिंह, अजय बंसल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सभी को करना चाहिए पौधारोपण: उमाकांत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा मंडल** अध्यक्ष उमाकांत ने कहा कि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने आगे कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए।




मेन रोड़ बांकनेर पर डॉ. राधा कृष्ण के नए खुले क्लिनिक 'श्री राधे कृष्ण क्लीनिक' का उद्घाटन प्रसिद्ध संस्था विजयपथ फाउंडेशन के पदाधिकारियो द्वारा शनिवार को रिबन काटकर किया गया।

# दुकानदारों के अवैध कब्जे से परेशान है ग्रामीण: देवेन्द्र कुमार





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ महेंद्र सिंह**
**शकूरबस्ती विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ज्वाला हेड़ी वार्ड नंबर-59 के लोग काफी लंबे समय से क्षेत्र स्थित ज्वालाहेड़ी मार्किट में अवैध रूप से गली कूचों में लगाए बैठे दुकानदारों से परेशान है, जिसको लेकर क्षेत्रीए आरडब्ल्यूए समस्त ज्वालाहेड़ी गांव रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने संबधित विभाग को शिकायत भी दी है, बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है।

**क्या है मामलाः** दरअसल मामला है ज्वाला हेडी गांव में स्थित ज्वालाहेडी मार्किट का, जहां पर स्थित दुकानदारों ने लालच के चक्कर में अपनी दुकानों के बाहर अन्य दुकानदारों के ठीए लगवा दिए है, जिसकी वजह से गांव में रहने वाले लोगों को आने जाने में खासा परेशानी हो रही है, जिस वजह से लोगों को अपने वाहन मार्किट के बाहर इधर उधर खडे करने पड़ते है।

**30 फीट चौड़ी सड़क सिमटकर हुई 10 फीटः** मिली जानकारी के अनुसार ज्वालाहेडी मार्किट की सड़क सरकारी रिकार्ड के अनुसार 9 मीटर की दिखाई गई है और वर्तमान में अवैध कब्जे से सिमटकर 9 मीटर से लगभग तीन मीटर रह गई है, जिसकी मुख्य वजह है अवैध रूप से बनाए गए चबूतरे व अवैध रूप से लगाई गई दुकानें।

**अनहोनी हुई तो नहीं आ सकते आपातकाल वाहनः** मार्किट में कब्जा इस कदर हो गया है कि अगर मार्किट या गांव में आगजनी जैसी घटना घटती है तो दमकल की गाड़ियां व एंबुलेंस का आना भी मुश्किल है। मामलें मे जानकारी देते हुए समस्त ज्वालाहेड़ी गांव रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि साल 2021 में ज्वालाहेडी मार्किट में भयंकर आग लगी थी, जो कि देखते देखते इतनी बढ़ गई थी जिसे बुझाने के लिए दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर आई थी और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। अब ऐसे में भविष्य में कोई आगजनी जैसी घटना होती है तो इसका जवाबदेही कौन होगा।

**डीसी से लेकर एलजी तक की शिकायतः** देवेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में मैने क्षेत्रीए एसीपी, केशव पुरम जोन के उपायुक्त, दिल्ली उपराज्यपाल, दिल्ली नगर निगम आयुक्त सहित सभी संबंधित विभागों व अधिकारियों को लिखित में शिकायत दे चुका हूं, इन सबके बावजूद मामले में किसी ने कोई कार्यवाही नहीं की है।

# आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को छला: खारी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-63 से स्थित रामपुरा गांव में रहने वाले भाजपा नेता सुरेश खारी ने कहा कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अच्छी नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जाता है जिनके द्वारा आज देश विकास के मामले में उंचाईयों को छू रहा है। खारी बाताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होनें आगे बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, वहां के लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश है और दिल्ली में भी भाजपा का शासन ही चाहती है। क्योंकि आज केजरीवाल सरकार में लोग जहां एक ओर भ्रष्टाचार से त्रस्त है वहीं दूसारी ओर विकास का तो नामूनिशान तक नहीं है, आप ने या तो खुद का विकास किया है या फिर अपने करीबियों को लाभ पहुंचाया है, दिल्ली की जनता नारकीय जीवन जीनें को विवश हो गई है।

उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते आम जन मानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार को विकास पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अच्छी नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जाता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश है और दिल्ली में भी भाजपा का शासन चाहती है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है।

उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते आम जन मानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार को विकास पर ध्यान देना चाहिए।

# लापरवाही और रखरखाव के अभाव में, नरेला का पार्क बदहाल




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेहत को अच्छा** रखने और लोगों को खुशनुमा वातावरण देने के लिए नरेला में बनाए गए पार्कों का इन दिनों बुरा हाल है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते पार्क बदहाल होकर पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं। सालों से पार्कों की बदहाल स्थिति बनी हुई है। इनमें हनुमान मंदिर के पास शास्त्री मार्केट में एमसीडी का पार्क प्रमुख है। पार्क की बाउंड्री वॉल लंबे समय से टूटी पड़ी है। इस कारण पार्क के अंदर मवेशी घूमते रहते हैं। सुरक्षा के लिए लगी रेलिंग भी गायब है, बैठने के लिए लगाई गई सीटें टूट चुकी हैं, पार्क में गंदगी चारों तरफ पसरी रहती है।



पार्क में लगी घास पूरी तरह से सूख चुकी है। स्थानीय निवासी संदीप ने बताया सालों से इस पार्क में झाड़ू तक नहीं लग सकी है, पूरा पार्क खंडर हो चुका है। स्थानीय प्रशासन का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है। शिकायतों के बाद भी नगर निगम कोई सुनवाई नहीं करता। पंजाबी कॉलोनी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एन.डी अरोड़ा ने बताया पार्क नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। रेलिंग, बाउंड्री वाल टूटी पड़ी है। रख-रखाव के अभाव में पार्क से हरियाली गायब है। बैठने के लिए लगाई गई सीटें भी टूटी हुई है, मरम्मत नहीं होने के कारण बच्चों के लिए लगाया गया झूले में जंग लग गया है, यह झूला कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

पार्क में चारों ओर गंदगी फैली हुई है और जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। शरारती तत्वों की ओर से पार्क में शराब व अन्य प्रकार के नशे का प्रयोग किया जाता है। इस कारण स्थानीय निवासियों ने इस पार्क से दूरी बना ली है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित में शिकायत दी गई लेकिन अधिकारी समस्या के समाधान की बात कहकर चैन की नींद सो जाते हैं।

स्थानीय निवासियों की मांग है कि पार्क की और आलाअधिकारियों को ध्यान देकर पार्क का सौंदर्यकरण और नवीनीकरण जल्द कराना चाहिए।

# गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी के खिलाड़ियों ने 28 पदक जीत, विजेताओं का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी (लड़सौली) के पहलवानों ने बीच ग्रेपलिंग नेशनल चैंपियनशिप में 28 पदक जीत कर किया एकेडमी का नाम रौशन किया है। 28 से 31 दिसंबर तक विशाखापत्तनम में रामा कृष्णा बीच पर आयोजित बीच ग्रेपलिंग नेशनल चैंपियनशिप में गुरू हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी गांव (लड़सौली) के पहलवानों ने 10 गोल्ड, 6 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज मेडल जीते है। एकेडमी संचालक भारत केसरी,भीम अवॉर्डी नवीन मोर ने बताया कि गोल्ड मेडल अंडर 10 साल में दिव्यांश समालखा, सहजल समालखा, एंजल मोर लड़सौली,



सिल्वर मेडल नोमिता समालखा,ब्रॉन्ज मेडल कनिष्क मोर लड़सौली, वंशु मोर लड़सौली, हर्षित मलिक पीपलीखेड़ा,
अंडर 13 साल में गोल्ड मेडल हर्षित मोर लड़सौली,कार्तिक मोर लड़सौली,
सिल्वर मेडल तनुज समालखा,ब्रॉन्ज मेडल उज्जवल शामली,अश्मित मोर लड़सौली, पार्थ मोर लड़सौली, कनिका मोर लड़सौली, सब जूनियर कैडिट गोल्ड मेडल दीपू भिगान, सावन कटारिया साहपुर, सन्नी मोर लड़सौली, अनुष्का त्यागी हथवाला, सिल्वर मेडल परवीन मलिक पीपलीखेड़ा, विनायक त्यागी हथवाला,जूनियर में गोल्ड मेडल ङ्कतहर्ष दहिया खेड़ी मनाजात सिल्वर मेडल साहील दहिया खेड़ी मनाजात, प्रथम यादव नाथूपुर गुरुग्राम, ब्रॉन्ज मेडल रोहित ग्रेवाल बामला, लक्ष्य राठी राजपुर,सीनियर में ब्रॉन्ज मेडल दीपिका मोर लड़सौली ने जीता। सभी पहलवानों के मेडल जीतने पर एकेडमी में स्वागत किया। अकेडमी में चांद राम मोर पूर्व कबड्डी कप्तान, प्रधान धर्मवीर मोर, सरपंच प्रतिनिधि पर्यवर्त बंबल मोर, देवेन्द्र फौजी डहार, कोच दलबीर ,बबलू पहलवान, अजीत मलिक पहलवान पीपलीखेड़ा, परशुराम, रिंकू, नितिन त्यागी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो में शामिल हुए प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

शनिवार को पंचकूला में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपना रोड शो किया जिसके बाद वो संगठन की नई टीम की मीटिंग लेकर आगे के चुनावों की रणनीति पर मंथन करेंगे। नड्डा के रोड शो से बीजेपी का चुनावी शंखनाद शुरू हो गया है। अभी हाल ही में तीन राज्यों में हुई जीत से भाजपा के कार्यकर्ताओ का मनोबल मजबूत हुआ है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने भी पंचकुला पहुँचकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के रोड शो में भाग लिया। विपुल गोयल ने रोड शो कों लेकर मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं में जोश



भरने के लिए संगठन ने रणनीति बना ली है और आज इसका शंखनाद भी शनिवार से पंचकूला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोड शो के जरिए कर दिया है। विपुल गोयल ने कहा की शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें दी गयी है उसे वो निष्ठा से निभाते हुए संगठन कों और मजबूत करेंगे व साथ मिलकर हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का काम करेंगें। विपुल गोयल ने मीडिया के जरिए लोगों कों संदेश देते हुए कहा की यह पहली ऐसी सरकार है, जिसने जो कहा है वह किया है लेकिन पूर्व में जब नारे लगते थे गरीबी हटाएंगे, लेकिन गरीबी नहीं हटती थी, बल्कि गरीब व्यक्ति अपना वोट देकर मायूस महसूस करते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हवन यज्ञ करके मंगलगान के साथ गंगायचा अहीर, बीकानेर में अक्षत वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

हवन यज्ञ करके मंगलगान के साथ गंगायचा अहीर,बीकानेर में अक्षत वितरित किए। कोको गांव गंगायचाअहीर के शिव मंदिर में यज्ञ हवन कर गांव में मंदिर समिति के तत्वावधान में महिलाओं ने मंगलगान के साथ अयोध्या से आए पीले अक्षत एवं श्री राम जन्मभूमि निर्माणधीन मंदिर अयोध्या का चित्र घर-घर जाकर जय श्री राम के जयकारों के साथ वितरित किए ।इस पुनीत अवसर पर डॉ कविता ,नीरू भारद्वाज ज़िला सोशल मीडिया प्रमुख व ज़िला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष ,कृष्णा, सरोज मेहरा, अजय पाटौदा ,नवल पंच,धर्मेंद्र , ओमप्रकाश ,कृष्ण,हरिंदर, मनीष, धर्मेंद्र, महिपाल एवं गांव की अनेक महिलाओं ने धूमधाम से इस उत्सव को मनाकर श्री रामलला के आगमन पर दिवाली मनाकर स्वागत करने का आह्वान किया।

### सात दिवसीय स्पेशल कैंप जिसका विषय आत्मनिर्भर भारत- विकसित भारत का शुभारंभ किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

जी टी रोड स्थित स्थानीय आई. बी. (पी. जी.) महाविद्यालय, पानीपत में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा सात दिवसीय स्पेशल कैंप जिसका विषय आत्मनिर्भर भारत- विकसित भारत का शुभारंभ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग जी और इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ रामेश्वर दास रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती मां के दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवकों को योगा करवाया गया। उन्होंने एन एस एस विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत हमारी पहचान है। अगर हम आत्मनिर्भर हैं तो अपने भारत को विकसित करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं । आत्मनिर्भर होने का मतलब यह है कि अगर आपके पास कोई स्वयं का हुनर है तो उसके माध्यम से खुद को एक छोटे स्तर से आगे की ओर बढ़ाना है। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है कि स्वयं को खुद पर किसी पर निर्भर या आश्रित ना होना। एन एस एस संयोजक डॉ जोगेश कुमार ने कहा की एन एस एस का सात दिवसीय स्पेशल कैंप गांव खोतपुरा में लगाया जा रहा है ।जिसमें स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे खेलकूद प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, योगा, फर्स्ट एड ट्रेंनिंग, आत्मनिर्भर भारत पर रैली, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, डिजिटल साक्षरता अभियान आदि। सायं कालीन सत्र में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई जिसका मुख्य विषय था आत्मनिर्भर भारत और स्वावलंबी भारत। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ रेखा, डॉ पूजा, डॉ नीतू, प्रो साक्षी और प्रो मंजली ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सागर बी ए फाइनल ईयर, द्वितीय स्थान मनीषा बी ए फाइनल ईयर, तृतीय स्थान अक्षित बीसीए फाइनल ईयर और कोंसोलेशन स्थान दिव्या बी ए फाइनल ईयर ने प्राप्त किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के सभी स्टाफ सदस्यों और एनएसएस वॉलिंटियर्स ने अहम भूमिका निभाई ।

### क्राइम ब्रांच एनआईटी ने आरोपी को स्कूटी पर शराब तस्करी करते किया काबू, 2 पेटी देशी शराब बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने शराब तस्करी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम गगन उर्फ गग्गा है जो फरीदाबाद के एनआईटी एरिया का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को स्कूटी पर शराब तस्करी करते एस्कॉर्ट हॉस्पिटल कट के पास से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से दो पेटी अवैध देशी शराब बरामद की गई। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करने लगा। इसके पश्चात उसे कोतवाली थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई।

## घर से तीन लाख की नकदी, आभूषण व मोबाइल चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके में चोरों का आंतक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चोर लोगों की मेहनत पर डाका डाल रहे है। वहीं शिकायत के बाद भी पुलिस की तरफ से पीड़ितों की शिकायत दर्ज नहीं की जा रही है। ताजा मामले में घर से लाखों रुपये की राशि सहित जेवरात व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके घर में पहले भी चोरी हो चुकी है। जिसकी शिकायत पुलिस को दी, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

# पेंशन बहाली संघर्ष समिति की बैठक सैनी समाज भवन कुरुक्षेत्र में हुई संपन्न

**महत्वपूर्ण बैठक**

**8 जिला महासचिव महेंद्र शर्मा ने बोलते हुए सभी सम्मानित सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

आज पेंशन बहाली संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सैनी समाज भवन कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान नरेश फूले ने की। सर्वप्रथम जिला महासचिव महेंद्र शर्मा ने बोलते हुए सभी सम्मानित सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और 11 फरवरी को जींद पेंशन



संकल्प रैली के लिए जोरदार तैयारी करने का आह्वान किया। जिला वरिष्ठ प्रधान सौरव राणा ने मंच पर बोलते हुए सभी विभागों को एकजुट होकर पेंशन संकल्प यात्रा को सफल बनाने की बात कही और सभी कर्मचारियों से तन मन धन से सहयोग देने की अपील की। जिला संरक्षक डॉ रविदत्त शर्मा ने सभी विभागों में पहुंचकर एक-एक कर्मचारी को पेंशन संकल्प यात्रा के लिए आमंत्रित करने की बात कही। सभी को जागरुक होकर संघर्ष करने की अपील की। राज्य महिला सहप्रभारी डॉ मोनिका भारद्वाज ने महिलाओं को आगे आकर संघर्ष में अपनी भागीदारी देने की बात रखी। शाहबाद उपप्रधान अनिल चौधरी व शाहबाद महासचिव मुकेश शर्मा ने खंड स्तर पर विशेष योजना से काम करने की बात कही व विचार साझा किए।उपप्रधान यशपाल शर्मा ने विभिन्न विभिगों में जाकर आमंत्रित करने की रणनीति पर विचार रखा।

राज्यकार्यकारिणी से कुलदीप शर्मा व अनिल सैनी ने साथियों को राज्यकार्यकारिनी की आगामी योजना को जिला कार्यकारिणी के समक्ष रखा। जिला प्रेस प्रवक्ता सलाहकार जितेंद्र सैनी ने थानेसर महासचिव करनैल के साथ मिलकर सभी खंडों को रसीद बुक व प्रचार सामग्री वितरित की और खंड स्तर पर टीमें बनाई गई।बैठक में सुनील सैनी, जितेंद्र भुक्कल, रघुबीर आदि साथी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार सरसमल के घर जा किया शोक व्यक्त

**टीम एक्शन इंडिया/बल्लभगढ़/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

प्रदेश के माननीय परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को बड़खल गांव निवासी व दैनिक हिंदुस्तान समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ सरसमल के पिता के इंतकाल होने पर उनके निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुकेश कॉलोनी बल्लभगढ़ में पंडित बसंता नंबरदार की माता और कौशल शर्मा की चाची के निधन पर शोक व्यक्त किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अहीर बाड़ा में संजय शर्मा के चाचा जी के निधन पर दुख व्यक्त



करते हुए शोक व्यक्त कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

## निमार्णाधीन फैक्टरी के सामने रखे लोहे के बडंल चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

राई थाना क्षेत्र के गांव अटेरना में स्थित निमार्णाधीन फैक्टरी के सामने रखे लोहे के बंडल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।गांव अटेरना निवासी कमलेश ने बताया कि वह कंपनी में फोरमैन की नौकरी करता है। हालत में उनकी कंपनी का काम प्लॉट नंबर-2293 एफ में चल रहा है। निर्माण कार्य को लेकर कंपनी के पास 25 बंडल सरिया डलवाया था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से बढ़ रही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता : वंदना जैन



**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

विकसित भारत की ओर यात्रा एक व्यक्तिगत प्रयास नहीं है बल्कि सभी वर्गों के लोगों को शामिल करने का एक सामूहिक प्रयास है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करना है। भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती वंदना जैन ने आज दशहरा ग्राउंड, बल्लभगढ़ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संयुक्त सचिव श्रीमती वंदना जैन कहाकि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना था। इतना ही नहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ऑन-स्पॉट सेवाओं के क्रम में ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन हेल्थ कैम्पों में बहुत सी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जैसे की आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए आयुष्मान एप का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आयुषमान कार्ड सरकार की महत्वपूर्ण योजना है और ज्यादा से ज्यादा लोग आयुष्मान कार्ड बनवाए और योजना का लाभ उठाए। देश को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए टीबी की जांच भी की जा रही है और साथ ही हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच और स्क्रीनिंग की जा रही है। पॉजिटिव लक्षण पाए जाने पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर किया जा रहा है।

हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाईः-संयुक्त सचिव श्रीमती वंदना जैन ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

# डीसीपी ट्रैफिक ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों के रिफ्लेक्टर टेप लगाकर उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस उपायुक्त यातायात फरीदाबाद द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर 58 में फरीदाबाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों को उन्हीं के बीच में जाकर संबोधित किया। उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के साथ-साथ पुलिस उपायुक्त ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर धुंध के समय सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए प्रेरित किया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने



का एक विशेष अभियान चलाया गया है जिसके तहत यातायात पुलिस ने सभी छोटे-बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर आमजन को धुंध के समय सावधानीपूर्वक यात्रा करने के लिए जागरूक किया। सर्दी में धुंध के समय दृश्यता बहुत कम हो जाती है और सड़क पर यात्रा करते समय ज्यादा दूरी तक दिखाई नहीं देता जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इन सड़क दुर्घटनाओं के पीछे का कारण सर्दी के समय पड़ने वाली धुंध है जो जिसकी वजह से वाहन चालकों की दृश्यता बहुत कम हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वह अपने सभी छोटे बड़े वाहनों पर यह रिफ्लेक्टर टेप लगाएं और बहुत ही सावधानीपूर्वक यात्रा करें ताकि आप सड़क दुर्घटना का शिकार होने से बच सकें।

# 17वां मानव रचना कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज शुरू; 24 कॉरपोरेट टीमें ग्रैंड ट्रॉफी के लिए करेंगी मुकाबला

**टीम एक्शन इंडियां/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) में डॉ. ओपी भल्ला मेमोरियल कप 17वें कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस साल दिल्ली-एनसीआर से 24 प्रमुख कॉरपोरेट टीमें क्रिकेट के मैदान में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। इस टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में एमआरईआई के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला, उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला, डीजी एमआरईआई डॉ. एनसी वाधवा, खेल निदेशक एमआरईआई श्री सरकार तलवार, उपकुलपति एमआरयू डॉ. आईके भट, हैड एल्युमनाई रिलेशंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स सान्या भल्ला, एकॉर्ड हॉस्पिटल से डॉ. प्रबल रॉय सहित संस्थान के कई



गणमान्य व्यक्ति और सभी 24 कॉरपोरेट टीमों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस मौके पर डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा, ह्लमानव रचना में खेलों के प्रोत्साहन के लिए हर स्तर पर काम किया जाता है। 17वें क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ है और हम दिल्ली-एनसीआर की कॉरपोरेट टीमों की मेजबानी करने से बेहद खुश हैं। इस कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज का मकसद उद्योगों और शिक्षाविदों के बीच दूरी को कम करना और मेलजोल बढ़ाना है ह्ल डॉ. अमित भल्ला ने भाग लेने वाली टीमों को बधाई देते हुए कहा कि, ह्लहर साल हमें इस पल का इंतजार रहता है। केवल 8 टीमों के साथ शुरू हुआ कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज का ये सफर आज 24 टीमों की भागीदारी तक पहुंच चुका है, इससे आने वाले सालों को लेकर हमारी उम्मीदें बढ़ गई हैं ह्ल श्री सरकार तलवार ने कहा कि, ह्ल कॉरपोरेट क्रिकेट के दौरान सर्दी होने के बावजूद सुबह इस मैदान पर हम जो ऊर्जा महसूस करते हैं, वही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। जिस उत्साह और जोश के साथ सभी टीमें खेलती हैं उनसे हमें इन खेलों के प्रतिनिधित्व के लिए खुशी मिलती है ह्ल टूनार्मेंट का पहला मैच एकॉर्ड हॉस्पिटल और सोनी इंडिया के बीच खेला गया। इसमें सोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सोनी इंडिया की टीम ने 16.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी एकॉर्ड हॉस्पिटल की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8.5 ओवर में ही 3 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाकर मैच जीत लिया। एकॉर्ड हॉस्पिटल से अंकित राणा को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस बार 2024 में होने जा रहे टूनार्मेंट में दिल्ली-एनसीआर से 24 प्रमुख कॉरपोरेट टीमें हिस्सा लेकर चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए मैदान में उतरेंगी। इनमें मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (गुरुग्राम), जेसीबी इंडिया लिमिटेड (बल्लभगढ़), टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (नोएडा), हीरो मोटोकॉर्प इंडिया लिमिटेड (गुरुग्राम), होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया लिमिटेड (गुरुग्राम), वेव इंफ्राटेक (नोएडा), एसईसी - आरजेएमटी इंजीनियरिंग (फरीदाबाद), सर्वोदय हॉस्पिटल (फरीदाबाद), नॉर-ब्रेमसे (पलवल), एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड (फरीदाबाद), एकॉर्ड हॉस्पिटल (ग्रेटर फरीदाबाद), मीडिया इलेवन (दिल्ली), मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (फरीदाबाद), एनएचएआई (दिल्ली) , आज तक (दिल्ली), इंडियन ऑयल (आरएंडडी) फरीदाबाद, सोनी इंडिया लिमिटेड (दिल्ली), जागरण ग्रुप (नोएडा), बेन एंड जीएडब्ल्यूएस (दिल्ली), केपीएमजी (गुरुग्राम), (गुरुग्राम), मैनिटौ इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (नोएडा), पाइनलैब प्राइवेट लिमिटेड (गुरुग्राम), आरईपीएल ग्रुप (नई दिल्ली) और सुजुकी मोटरसाइकिल (गुरुग्राम) शामिल हैं। चैलेंज के पहले फेज में लीग मैच होंगे, इसके बाद नॉकआउट मैच खेले जाएंगे। जनवरी से मार्च तक हर वीकेंड प्रतिभागियों के बीच कुल 47 मैच खेले जाएंगे। चैंपियनशिप में 16 मार्च 2024 को सेमीफाइनल और 23 मार्च 2024 को फाइनल मुकाबला आयोजित होगा।

**पहला मैच**

**8 डॉ. प्रशांत भल्ला और डॉ. अमित भल्ला ने किया का उद्घाटन, सोनी इंडिया और एकॉर्ड हॉस्पिटल के बीच खेला गया पहला मैच**

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया4 नई दिल्ली4 07 जनवरी 20244 पृष्ठ 12 4 आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# धूमधाम से मनाया गया आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**दिल्ली** की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही उनको जन्मदिन की बधाई देने वालो का तांता उनके निवास स्थान पर लगा रहा।

गर्ग निवास पर ही एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नजदीकी मित्रगण, आदर्श रसोई के सदस्य और रिश्तेदार ही शामिल हुए। सभी ने रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग को उनके 53वें जन्मदिन की बधाई दी।

केक कटिंग सेरेमनी के बाद नाच- गाने का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें साथियों ने गाने गाये और नाचे। पूरी तरह माहौल खुशियों भरा रहा।

**लोगों ने की दीघार्यु की कामना:** कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मोहन गर्ग को जहां एक ओर जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की कामना की।

**बड़ी संख्या में लोगों ने दी बधाई:** आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग को क्षेत्र की धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के अलावा कई प्रबुद्ध जनों ने बधाई दी।

**सोशल मीडिया के माध्यम से सैकड़ो लोगों ने दी बधाई:** आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग को सोशल मीडिया के माध्यम से भी सैकड़ो लोगों ने बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की।

**जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा ही आगे रहते है मोहन गर्ग:** मोहन गर्ग हमेशा ही गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए आगे रहते है। जिससे की किसी भी गरीब व असहाय व्यक्ति को परेशान न होना पड़े।

**इन लोगों ने प्रमुख रूप से दी बधाई:** इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, उत्तरी दिल्ली नगर निगम के नेता सदन मुकेश गोयल, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, भाजपा नई दिल्ली ज़िले के प्रभारी अजय शर्मा, निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की ओर से जोन प्रभारी गुरमीत अरोड़ा के अलावा आदर्श रसोई के संरक्षक सुरेन्द्र त्यागी, प्रधान सुरेन्द्र चोपड़ा, संयोजक व एक्शन इंडिया के संपादक रवि भारद्वाज, वाईस चेयरमैन रामलाल उनियाल, उपप्रधान रिंकू कोहली, तरसेम सिंह, अमरजीत सिंह, राजेन्द्र साहू, मनोज अग्रवाल, महासचिव विनोद गर्ग, राकेश जुनेजा, पम्मी मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, जेपी गोयल, सतपाल यादव, गुरूदयाल छाबड़ा, सिंकन्दर मखीजा, सचिव दीपक गर्ग, धीरज सिंघल, सतपाल सेतिया, सोहन लाल मेहंदीरत्ता, सदस्य इन्दर तनेजा, नरेश कपाही, संजय बांगिया, विनीत गुप्ता, रोहित त्यागी, अरविन्दू मूलचंद मौजूद रहे।

**आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने लोगों का किया धन्यवाद:** आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं ।
















